01 अगस्त, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 282

ट्रंप ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया



# अच्छा इंसान बनना सबसे बड़ी बात: राष्ट्रपति

**एम्स देवघर के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उद्‌गार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि एम्स में प्रवेश पाना और यहां शिक्षा प्राप्त करना इस बात की गारंटी मानी जाती है कि आप एक कुशल डॉक्टर बन गये हैं। आपको एक कुशल डॉक्टर के साथ-साथ एक अच्छा डॉक्टर भी बनना है। एक अच्छे डॉक्टर को बेहतरीन क्लिनिकल समझ के साथ-साथ संवेदनशील संवाद की क्षमता भी होनी चाहिए। हम सबने देखा है कि कुछ डॉक्टर ऐसे होते हैं, जिनसे परामर्श के बाद मरीज और उनके परिवारजन बेहतर महसूस करते हैं। आप डायग्नोसिस या सर्जरी में पूरी तरह क्लीनिकल रहिये, लेकिन अपने व्यवहार में क्लीनिकल मत रहिये। अपने व्यवहार में सहानुभुतिपूर्ण (सिंपेथेटिक) रहिये। भगवान ने आपको जनसेवा के लिए भेजा है। राष्ट्रपति गुरुवार को देवघर एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। इससे पहले उन्होंने उपाधियां और पदक पाने वाले 2019 बैच के विद्यार्थियों को पदक प्रदान किया।

**एम्स देवघर के साथ मेरी विशेष स्मृतिः** राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान शंकर की कृपा से सावन माह में देवघर आने का मौका मिला। शिव और शक्ति के आशीर्वाद से सिंचित इस धरती को नमन करती हूं। एम्स देवघर के साथ मेरी विशेष स्मृति जुड़ी हुई हैं। 25 मई 2018 को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा सिंदरी से इस संस्थान का शिलान्यास किया गया था। तब झारखंड की राज्यपाल के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थी। आज इस संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होने का अवसर मिला है। इस तरह एम्स देवघर की विकास यात्रा में मेरा विशेष संबंध बन गया है। खुशी की बात है कि पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या अधिक है।

**पांच ट्राइबल गांव गोद लेने पर संस्थान को बधाईः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एक अच्छा



डॉक्टर होना बहुत बड़ी बात होती है, लेकिन एक अच्छा इंसान होना उससे भी बड़ी बात होती है। नैतिकता, करुणा और परोपकार की भावना के साथ अनगिनत लोगों के जीवन में उजाला कर सकते हैं। आप समाज निर्माण में भी अपनी भूमिका निभा सकते हैं। आपके इस संस्थान की भूमिका टर्सियरी हेल्थ केयर के क्षेत्र में है, लेकिन मैं चाहती हूं कि आप प्राइमरी हेल्थ केयर के क्षेत्र में भी गाइडेंस दें। मैं इस बात के लिए धन्यवाद देती हूं कि इस संस्थान में पांच ट्राइबल गांव को गोद लिया है।

**ये रहे मौजूदः** दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा, एम्स, देवघर के प्रमुख डॉ एनके अरोड़ा, एम्स के कार्यकारी निदेशक सह सीइओ प्रो सौरभ वार्ष्णेय उपस्थित थे।

### एम्स, देवघर को मिली है विशेष मान्यता

जनजातीय आबादी वाले झारखंड राज्य में आप सबके सामने सेवा प्रदान करने के बहुत से अवसर हैं। एम्स, देवघर को सेंटर ऑफ कंपीटेंस फॉर ट्राइबल हेल्थ के रूप में मान्यता दी गयी है। इस संस्थान के फैकल्टी मेंबर जनजातीय समुदाय से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी शोध कार्य में सक्रिय रहे। दुर्गम जनजातीय क्षेत्र में सांप के जहर की दवा, वैक्सीन, इमरजेंसी मेडिसीन को ड्रोन के माध्यम से पहुंचाने की व्यवस्था की गयी है। इसकी सराहना करती हूं। राष्ट्रपति ने एम्स देवघर के प्रबंधन और डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे सभी मिलकर स्वास्थ्य और चिकित्सा से जुड़े ससटेनेबल डेवलपमेंट गोल की सूची बनायें।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से



**विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक की**

**सत्ता पक्ष और विपक्ष ने की तैयारी, सत्र के हंगामेदार होने के आसार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से शुरू हो रहा है। यह सात अगस्त तक चलेगा। इस बार सत्र में कुल पांच कार्य दिवस होंगे। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय में सत्र को लेकर विधायक दल के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में सत्र के औपबंधिक कार्यदिवसों के संबंध में चर्चा हुई। अध्यक्ष ने विधायकदल नेताओं से सुझाव मांगे। उधर, सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने कमर कस ली है। विपक्ष राज्य में कानून व्यवस्था की बदहाली, भ्रष्टाचार, मंईयां सम्मान योजना की खामियां और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बना चुका है। वहीं, सरकार भी अपने मंत्रालयों की उपलब्धियों और तथ्यों के साथ विपक्ष के हमलों का जवाब देने की तैयारी में जुटी है। कुल मिलाकर सत्र हंगामेदार होने का आसार है।

**राज्य में अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा होगीः** विधानसभा अद्यक्ष के साथ विधायक दल के नेताओं की हुई बैठक में राज्य में अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा कराने की बात सामने आयी। इस विषय पर 6 अगस्त को राज्य में अतिवृष्टि के कारण जन-जीवन पर प्रभाव पड़ने को लेकर विशेष चर्चा होगी। इसकी संपुष्टि शुक्रवार को कार्यमंत्रणा समिति में ली जायेगी। सत्र के पहले दिन शुक्रवार को राज्यपाल की सहमति प्राप्त विधेयकों को सदन के पटल पर रखने और दिवंगत विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। शनिवार और रविवार को बैठक नहीं है। सोमवार 4 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जायेगा। इस पर चर्चा होगी।

**बैठक में थे मौजूदः** बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, राजद के सुरेश पासवान, लोजपा रामविलास) के जनार्दन पासवान, लोक्रांमो के जयराम महतो के अलावा विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम और संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज मौजूद थे। सभी दलों के नेताओं ने अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि वे सदन के संचालन में सहयोग करेंगे।

### विधानसभा के मानसून सत्र में होगी सार्थक बहस : हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भीषण बारिश के बीच झारखंड का मानसून सत्र आहूत हुआ है। उम्मीद है कि सत्र सुचारु रूप से चलेगा और सदन में सार्थक बहस होगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य में काफी बारिश हुई है। राज्य के सभी विधानसभा के सदस्यों को भी अतिवृष्टि के बारे में मालूम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार संवेदनशील है। राज्य की जनता के प्रति जवाबदेह है। शहर के लोग हों या गांव के, सबकी उम्मीदों पर खरा उतरने की सरकार कोशिश करती है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि विपक्ष भी सरकार को सहयोग करेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# रांची में राष्ट्रपति का भव्य स्वागत

- रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत
- राजभवन में किया रात्रि विश्राम, आज जायेंगी धनबाद
- आइआइटी-आइएसएम के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** देवघर में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रांची पहुंची। यहां राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। वह राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद शुक्रवार सुबह धनबाद जायेंगी। वहां आइआइटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद दुर्गापुर होते हुए दिल्ली रवाना हो जायेंगी।

इससे पहले देवघर एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष गंगवार और झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से वह सड़क मार्ग से देवघर एम्स गयीं। जहां देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के धुन से की गयी। इसके बाद छात्रों के बीच प्रशस्ति पत्र और मेडल वितरण किया गया। समारोह में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले कुल 48 छात्रों को मेडल और डिग्रियां दी गयीं। कार्यक्रम में छात्रों के अलावा उनके अभिभावक भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में उपाधियां और पदक पाने वाले 2019 बैच के विद्यार्थियों से आशा और उम्मीद जतायी कि वे एक महान मेडिकल ट्रेडिशन के ध्वजवाहक बनेंगे।








## इन्हें मंच पर किया गया सम्मानित

राष्ट्रपति ने डॉ. अस्मित अग्रवाल को स्वर्ण पदक से नवाजा। वहीं, डॉ. तनिष्क कुमार को रजत पदक और डॉ. हर्षवीन कौर को कांस्य पदक मिला। इसके अलावा डॉ. ऋचा जयसवाल को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में सर्वाधिक अटेंडेस के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. अंजनी कुमारी, डॉ. गौतम शंकर, डॉ. सुमिता सिन्हा, डॉ. शिक्षा सिंह और डॉ. ओम शंकर को डिग्री प्रदान की गयी।

# एसआइआर के खिलाफ मानसून सत्र में प्रस्ताव लायेंगे: प्रदीप यादव

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से 7 अगस्त तक आहूत है। मानसून सत्र को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी रणनीति तैयार कर ली है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुधवार को विधायक दल के नेता प्रदीप यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी डॉ सीरीबेला प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रदीप यादव ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग की ओर से लागू की जा रही एसआइआर (स्टेंडर ऑफ आइडेंटिफिकेशन रजिस्टर) प्रणाली आम लोगों के मतदान अधिकार को छीनने की साजिश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इसका झारखंड में भी पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की ओर से मानसून सत्र में एसआइआर के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश की जायेगी, ताकि पूरे देश में यह संदेश जाये कि यह व्यवस्था संविधान प्रदत्त अधिकारों के विरुद्ध है। वहीं कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल ने तय किया है कि मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के हर आरोप का मजबूती से जवाब दिया जायेगा। सरकार की उपलब्धियों और नीतियों का पूरा समर्थन करते हुए विपक्ष के दुष्प्रचार का डटकर मुकाबला किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह देवघर में राष्ट्रपति के कार्यक्रम में रहने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। इस बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, अनूप सिंह, रामचंद्र सिंह, ममता देवी, सोनाराम सिंकू, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बारा, श्वेता सिंह और निशत आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

## नगर निकायों में 18 अधिकारियों की हुई पोस्टिंग

**रांची (आजाद सिपाही)।** नगर विकास विभाग ने नगर निकायों में 18 अधिकारियों को स्थानांतरण पदस्थापन किया है। साजें मरांडी को कार्यपालक पदाधिकारी बासुकीनाथ नगर पंचायत बनाया गया है। मनीष कुमार को कार्यपालक पदाधिकारी गुमला नगर परिषद, प्रियंका कुमारी को सहायक नगर आयुक्त चिरकुंडा, अरविंद तिर्की को कार्यपालक पदाधिकारी सिमडेगा, समीर बोदरा को कार्यपालक पदाधिकारी सरायकेला, शशि शेखर सुमन को सहायक नगर आयुक्त चास नगर निगम, सोना खंडेत को कार्यपालिका पदाधिकारी जामताड़ा नगर पंचायत, जयपाल सिंह को सहायक नगर आयुक्त विश्रामपुर, दानिश हुसैन को कार्यपालक पदाधिकारी राजमहल, स्मिता किरण सहायक नगर आयुक्त चास नगर निगम, गोपेश कुंभकार को कार्यपालक पदाधिकारी मिहिजाम, अरविंद कुमार अग्रवाल को कार्यपालक पदाधिकारी गोड्डा नगर परिषद महागामा का भी अतिरिक्त प्रभार, मोटाए बांद्रा को कार्यपालक पदाधिकारी चाकुलिया, अजमल हुसैन को कार्यपालक पदाधिकारी रामगढ़, विजय कुमार हांसदा को कार्यपालक पदाधिकारी चक्रधरपुर, चंदन कुमार को सहायक नगर आयुक्त मानगो नगर निगम, राहुल यादव को सहायक नगर आयुक्त रांची नगर निगम, तर्निश कुमार हंस को विशेष पदाधिकारी जमशेदपुर बनाया गया है।

# भारत पर टैरिफ का बोझ डाल कर अमेरिका का नुकसान कर गये ट्रंप

- भारत के पास पहले से मौजूद है इस अनावश्यक बोझ से उबरने का उपाय
- दुनिया के सबसे बड़े बाजार में अपनी स्थिति कमजोर कर गये डोनाल्ड ट्रंप
- अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले का भारत को सटीक जवाब देने की है जरूरत

**आजाद सिपाही विशेष**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर ने 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो एक अगस्त से लागू होंगे। इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह जानना जरूरी है। ट्रंप की एकतरफा घोषणा भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का हिस्सा है, लेकिन इसका नुकसान भी अमेरिका को ही उठाना पड़ेगा, क्योंकि भारत इस समय दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और इससे दुश्मनी का खामियाजा हर किसी को उठाना पड़ेगा। जहां तक भारत पर ट्रंप द्वारा टैरिफ लगाने से पड़नेवाले बोझ का सवाल है, तो भारत को शुरूआती झटका तो जरूर लगेगा और जीडीपी की विकास दर इस वित्त वर्ष में करीब 30 बेसिस प्वाइंट तक धीमी हो सकती है। यह कदम भारत की आर्थिक वृद्धि और चालू खाता घाटे पर सीधा असर डालेगा, लेकिन चूंकि भारत की अर्थव्यवस्था ज्यादातर घरेलू मांग पर आधारित है, इसलिए यह झटका सीमित रहेगा। भारत की अर्थव्यवस्था अन्य एशियाई देशों की तुलना में ज्यादा घरेलू मांग पर चलती है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ का लंबी अवधि में कोई असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जानेवाले कृषि और डेयरी सेक्टर पर असर तो पड़ेगा, क्योंकि इन क्षेत्रों में भारत ने परंपरागत रूप से बाजार पहुंच देने में सावधानी बरती है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि यह टैरिफ भारत की स्वदेशी अवधारणा को मजबूत करने में बहुत सहायक होगा। इसलिए ट्रंप के इस एकतरफा फैसले का माकूल जवाब दिये जाने की जरूरत है। क्या है अमेरिकी टैरिफ का मतलब और भारत पर क्या होगा इसका संभावित असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार भारत पर टैरिफ और पेनाल्टी अर्थात जुर्माने का हमला कर ही दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यह भूल गये कि भारतीयों ने उनके देश के विकास में कितनी अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। ट्रंप ने भारत पर सिर्फ 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की ही घोषणा नहीं की है, बल्कि भारत की दीर्घ अवधि व्यापार प्रणाली और वैश्विक नीति पर सवाल उठाने की कोशिश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा रूस से हथियार और तेल खरीदने का जिक्र करते हुए भारत पर पेनाल्टी के रूप में अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी घोषणा की है। भारत का ब्रिक्स संगठन का महत्वपूर्ण देश होना भी अमेरिका को खटक रहा है।

### डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश और भारतीयों के महत्व को किनारे करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान कर दिया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर बताया कि यह टैरिफ एक अगस्त से लागू होगा। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा घोषित 25 प्रतिशत टैरिफ पहले घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त होगा या उसी में समाहित होगा, क्योंकि ट्रंप ने इससे पहले दो अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी, जिसे पहले 90 दिनों तक और फिर बाद में एक अगस्त तक के लिए टाल दिया गया था। ट्रंप ने टैरिफ का यह एलान एकतरफा तरीके से करके अपने इरादों को जाहिर कर दिया है, जबकि टैरिफ और व्यापारिक रिश्तों पर भारत और अमेरिका के अधिकारी पिछले कई महीनों से चर्चा कर रहे हैं और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल के 25 अगस्त को भारत आने का कार्यक्रम पहले ही तय हो चुका है।

### भारत सरकार की संतुलित प्रतिक्रिया

भारत सरकार ने ट्रंप के इस टैरिफ बोझ पर फिलहाल संतुलित प्रतिक्रिया ही दी है। भारत सरकार ने कहा है कि सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान का संज्ञान लिया है। सरकार इसके संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत के बयान में आगे कहा गया है कि सरकार भारत के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) के कल्याण और हितों को सर्वोच्च महत्व देती है। राष्ट्रहित में सरकार सभी आवश्यक कदम उठायेगी, जैसा कि हाल ही में ब्रिटेन के साथ हुए समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों में किया गया है।




### उजागर हो गया ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम

भारत की इस संतुलित प्रतिक्रिया को कूटनीतिक और वैश्विक रिश्तों के लिहाज से भले ही महत्वपूर्ण माना जा रहा हो, लेकिन ट्रंप के रुख को देखते हुए भारत पर उसी भाषा में जवाब देने का दबाव भी बढ़ता ही जा रहा है, क्योंकि भारत पर टैरिफ और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ मिल कर तेल के एक बड़े भंडार को विकसित करने की भी घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं, ट्रंप ने इशारों-इशारों में यह कहने की भी कोशिश की है कि आने वाले समय में भारत पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है।

### चौंकानेवाले हैं ट्रंप के बयान

वर्ष 2030 तक भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए हो रही बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के ये दोनों एलान काफी चौंकाने वाले हैं और उनके इरादों को स्पष्ट भी करते हैं। ट्रंप को यह बखूबी पता है कि व्यापारिक रिश्ते अपनी जगह हैं, लेकिन भारत दुनिया के किसी भी अन्य देश को अपनी विदेश नीति तय करने का अधिकार नहीं दे सकता है। भारत हर हाल में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर चलने की कोशिश करेगा और अमेरिका किसी भी हालत में भारत को यह आदेश देने में कभी भी सक्षम नहीं हो पायेगा कि हम उसके आधार पर अपनी विदेश नीति तय करें। भारत में सरकारें बदलने के बावजूद विदेश नीति में एक प्रकार की निरंतरता ही रही है। भारत रूस जैसे भरोसेमंद देश के साथ अपनी दोस्ती अमेरिका जैसे देश के लिए तो कतई नहीं छोड़ सकता है। रूस की बजाय पाकिस्तान से तेल खरीदने की ट्रंप की नसीहत भी भारत के लिए सही नहीं है, क्योंकि आतंकवाद फैलाने वाले देश पाकिस्तान पर तो भरोसा किया ही नहीं जा सकता।

### भारत के लिए जवाब देना जरूरी

ऐसे में निश्चित तौर पर भारत सरकार पर अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। ध्यान देने वाली बात है कि चीन सहित दुनिया के कई देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जब जवाब दिया, तो उन्हें पीछे हटना पड़ा। अमेरिका में रह रहे जिन भारतवंशियों के वोट पर ट्रंप राष्ट्रपति बने हैं, उन दबाव समूहों का भी इस्तेमाल करने का सही वक्त आ गया है। आज भारत भी अमेरिका की घरेलू राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। लेकिन इस जवाबी कार्रवाई के लिए भारत में राजनीतिक एकता की भी जरूरत है। इसलिए समय की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस समेत देश के सभी महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों से बात कर एक साझी जवाबी रणनीति बनायें, जिस पर देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी कतई नहीं हो, क्योंकि अगर 143 करोड़ से भी ज्यादा आबादी वाला देश एक सुर में डोनाल्ड ट्रंप को जवाब देगा, तो अमेरिका से भी उनके खिलाफ आवाज उठनी शुरू हो जायेगी। भारत के हितों के साथ-साथ भारत के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा को बचाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

www.epaper.azadsipahi.in

01 अगस्त, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 282

मालेगांव ब्लास्ट : साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपी बरी





# महिला पर पति की हत्या का आरोप परिजनों का थाना के बाहर प्रदर्शन

**10 महीने पहले राजा ने रानी से की थी लव मैरेज शादी, अब फांसी पर झूलता मिला राजा का शव**

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक राजा की फाइल फोटो और लोहसिंघना थाना के बाहर प्रदर्शन करते परिजन और अन्य।

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एक बार फिर एक प्रेम कहानी ने ऐसा मोड़ लिया कि पूरे शहर में सनसनी फैल गयी है। ओकनी मोहल्ले में फांसी के फंदे पर झूलते मिले राजा की मौत अब रहस्य बन चुकी है। परिजन इसे आत्महत्या नहीं, सुनियोजित हत्या बता रहे हैं और शक की सुई किसी और पर नहीं, राजा की पत्नी रानी पर ही जा रही है। राजा की मां आशा देवी ने लोहसिंघना थाना में आवेदन देकर सीधा आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया गया, ताकि यह आत्महत्या लगे।

परिजनों का आरोप है कि राजा की रानी पहले से शादीशुदा थी और उसके दो बच्चे भी हैं। वह पेशे से नाचने-गाने का काम करती थी। जब वह बाहर जाती, तो राजा बच्चों की देखभाल करता था। इसी दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और 10 महीने पहले दोनों ने शादी कर ली। पोस्मार्टम के बाद जब परिजन शव लेकर लौटे, तो वे सीधे लोहसिंघना थाना पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुस्साये परिजन और मोहल्ले वालों ने थाने पर पक्षपात करने और आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दी। मृतक राजा पहले कोर्रा के बॉम्बे हाउस का निवासी था। शादी के बाद पत्नी के साथ अलग होकर ओकनी मोहल्ले में रह रहा था, जहां उसकी मौत हुई।

फिलहाल पुलिस मौत के कारणों के जांच में जुटी है और इधर राजा-रानी की इस लवस्टोरी में प्यार, धोखा, अफेयर और अंत में एक रहस्यमयी मौत ये कहानी अब हजारीबाग की सबसे बड़ी क्राइम मिस्ट्री के साथ हर घर में एक चर्चा का विषय भी बन चुकी है।

## सड़क में बने गड्ढे के कारण वाहन चालक और राहगीर परेशान



बरही (आजाद सिपाही)। गया रोड जाने वाली सड़क टूटकर बदहाल हो चुकी है। सड़क में गड्ढों की भरमार है, जिससे रोजाना हादसों का खतरा बना रहता है। सरकार भले ही सड़कों को गड्ढामुक्त करने का दावा करती हो, लेकिन यह हवा हवाई होता नजर आ रहा है। इसे लेकर आए दिन दो पहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। वहीं बड़े वाहनों को भी इस मार्ग से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यह मार्ग काफी महत्वपूर्ण है। गया और दिल्ली को जाने वाले वाहन इसी मार्ग से होकर गुजरते है, लेकिन कोई भी अधिकारी इस मार्ग की और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस सड़क की हालात इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि यहां से स्कूटर व बाइक का निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

# झारखंड सरकार की पहल से प्रवासी श्रमिक रामेश्वर का शव पहुंचा गांव

**जिला प्रशासन ने पार्थिव शरीर को मृतक के गृह जिले हजारीबाग तक ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के अधीन संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, रांची की तत्पर पहल से कुवैत में कार्यरत दिवंगत प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो के पार्थिव शरीर की भारत वापसी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गयी। मालूम हो कि हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंडखरो निवासी श्री महतो विगत 12 वर्षों से कुवैत में कार्यरत थे। दिनांक 15 जून 2025 को कुवैत में उनका आकस्मिक निधन हृदय एवं श्वसन गति रुकने के कारण हुआ।

श्री महतो की पत्नी प्रमिला देवी द्वारा दिनांक 19 जून 2025 को राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को उनके दिवगंत पति के पार्थिव शरीर को झारखंड लाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय दूतावास, कुवैत एवं रांची को सूचित किया गया। परिवार को न्यायोचित मुआवजा और पार्थिव शरीर की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए समन्वयात्मक प्रयास आरंभ किए गए। प्रारंभ में परिजनों द्वारा अंतिम भुगतान प्राप्त हुए बिना पार्थिव शरीर स्वीकारने से इनकार किया गया, जिससे प्रक्रिया में विलंब हुआ। लगातार संवाद के बाद, 27 जुलाई 2025 को उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा परिजनों की सहमति प्राप्त की गई तथा भारतीय दूतावास, कुवैत को औपचारिक अनुरोध भेजा गया।

28 जुलाई को कंपनी द्वारा आवश्यक प्रक्रिया आरंभ की गयी और 31 जुलाई को पार्थिव शरीर भारत लाया गया। जिसे अपराह्न 3:45 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डे, रांची पर शव को मृतक के पुत्र किशोर महतो एवं अखिलेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़, हजारीबाग द्वारा प्राप्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा पार्थिव शरीर को मृतक के गृह जिले हजारीबाग तक ले जाने हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

## मोटरसाइकिल के धक्के से महिला की मौत

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवारा सड़क 522 एनएच पर मोटरसाइकिल के ठोकर से 65 वर्षीय महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना गुरुवार लगभग ग्यारह बजे की बतायी गयी। मिली जानकारी के मुताबिक भेलवारा निवासी महिला मीना देवी 65 पति तुलो महतो अपने पड़ोस के मृतक परिवार के यहां तीन कर्मा था। जहां वह घाट जाने के लिए सड़क पार कर रही थी कि इसी बीच तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार के चपेट में आ गयी, जिससे सड़क पर ही उसकी मौत हो गयी। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, महेंद्र, खूबलाल भारती समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## ट्रेन से गिरा युवक, इलाज के दौरान मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा गिरिडीह रेलखंड के कोडरमा स्टेशन और कोडरमा टाउन स्टेशन के बीच आरपीएफ ने एक युवक को घायल अवस्था में बरामद किया है। घायल की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पायी है। घटना की जानकारी देते हुए आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि गुरुवार की अहले सुबह करीब ढाई बजे उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा न्यू गिरिडीह रेलखंड के कोडरमा जंक्शन और कोडरमा टाउन स्टेशन के बीच केएम संख्या 9/14-15 पर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके पश्चात उनके निर्देशानुसार आरक्षी आनंद कुमार व आरक्षी धीरज कुमार को घटनास्थल पर भेजा। जहां पहुंचने पर आरपीएफ के जवान ने देखा मौके पर पहले से ही पीडब्लूआई कर्मी भी वहां मौजूद थे और युवक के सिर में काफी चोटें आई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# हजारीबाग के कानी बाजार में हो रहे नाली निर्माण का मोहल्ला वासियों ने किया विरोध

**अनियमितता के खिलाफ सहायक नगर आयुक्त को आवेदन देकर जताया आपत्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 कानी बाजार न्यू कॉलोनी में नगर निगम द्वारा नाली निर्माण का कार्य चल रहा है जिसमे भारी अनियमितता बरती जा रही है। नाली निर्माण के 2 माह पूर्व ही जेसीबी लगा कर खुदाई किया गया था, जिससे लोगों को बारिश में काफी मशक्कत करनी पडी। बीते 20 जुलाई को एक बार फिर जेसीबी लगा कर खुदाई किया गया। जब मोहल्ले के लोगों ने इंजीनियर से बात की तो पता चला टेंडर से पहले ही काम लगा दिया गया। निर्माण कार्य में न तो लेवेलिंग सही से किया गया है न ही मेटेरियल का उपयोग सही मानक में किया जा रहा है। नाली का साइड वाल कहीं डेढ इंच है कहीं 2 - 3 और कई जगह इस पार से उस पार देखा जा सकता है। इसकी शिकायत पहले ठेकेदार व उनके सहयोगियों किया गया, परंतु उनके द्वारा अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा गया कि जहां शिकायत करना है कर दीजिये, सब मैनेज है। और हिम्मत है, तो काम रुकवा कर दिखाओ। मोहल्ले के लोग रुद्र राज के नेतृत्व में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार से दिनांक 29/07/25 को मुलाकात किया, सहायक नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया दोषियों पर कार्रवाई होगी। रुद्र राज ने कहा स्थानीय निवासियों में काफी आक्रोश है। मोहल्ले के लोगों में अधिवक्ता मनोज कुमार सिन्हा अधिवक्ता दिलीप कुमार सिन्हा, मनीष, राजन, सरोज झा, कैलाश अग्रवाल, हरिराम, पवन केसरी, सागर, हिमांशु, प्रमोद, शुभम एवं अन्य कई नागरिक शामिल थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



बरही (आजाद सिपाही)। बरही प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरसोत में विदाई सह स्वागत समारोह किया गया। इस अवसर पर बरही से स्थानांतरित हुए पूर्व बीईईओ किशोर कुमार को भावभीनी विदाई दी गयी। वहीं नवपदस्थापित बीईईओ प्रभाकर कुमार का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय की वार्डेन, शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने दोनों अधिकारियों को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीपीएम अरुण कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी के डिब्बे बेपटरी, जांच के आदेश

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा गिरिडीह रेल लाइन स्थित कोवार सलैया स्टेशन के बीच गुरुवार को मालगाड़ी के दो डब्बे बेपटरी हो गए। जानकारी अनुसार कोवार- सलैया स्टेशन के पोल संख्या 9/10 के बीच मालगाड़ी के इंजन में आई तकनीकी खराबी के कारण ट्रेन आगे नहीं बढ़ पा रही थी। कोवार स्टेशन के एसएस सूर्यकांत की सूचना पर कोडरमा स्टेशन से एक दूसरा इंजन भेजा गया। इंजन के ड्राइवर को स्पीड नियंत्रण की जानकारी नहीं रहने के कारण आगे खड़ी मालगाड़ी को जोरदार टक्कर दे मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के गांव तक इसकी सुनाई दी। इस जोरदार टक्कर में मालगाड़ी के डब्बे बेपटरी हो गए। घटना की सूचना पाकर हाजीपुर जोन प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ मनोज सिंह व मुख्य संरक्षा पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर घटना के जांच के आदेश दिए हैं।

## लोहड़ी और करियातपुर में जेवर, कपड़े और नकदी समेत लाखों के सामान ले उड़े चोर

इचाक (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के करियातपुर स्थित होरिल महतो उर्फ हरप्रीत सिंह निराला के बंद पड़े घर में बीती रात चोरों ने हाथ साफ कर लिया। चोरों ने बड़ी चालाकी से ऊंचे कंपाउंड को पहले पार किया फिर रॉड की सहायता से घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कर अंदर घुसे और बड़े इत्मीनान से एक एक कर चार कमरे का ताला तोड़कर कमरे में घुसे और घर में रखे अलमारी और बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखे समान को तितर बितर कर दिया। फोन से बात करने पर श्री निराला ने बताया कि घर में कांसा पीतल का बर्तन, कीमती कपड़े, कुछ जेवरात और फर्नीचर थे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना इचाक पुलिस को दिया है। इधर लोहड़ी गांव के फुलेश्वर सिंह के बंद पड़े घर में भी चोरों ने ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर, नकदी समेत लाखों का सामान लेकर रफूचक्कर हो गये। घटना को लेकर फुलेश्वर सिंह ने थाने में दिये गये आवेदन लिखा है कि 15 दिन पहले मैं अपनी पत्नी को इलाज करवाने रामगढ़ गया था। इसी दौरान चोरों ने मेरे घर का दरवाजा तोड़कर अलमारी में रखे सोने चांदी के दर्जनों आभूषण, सिक्के नकद 10 हजार समेत लगभग 12 लाख रुपये का सामान ले उड़े।

## विष्णुगढ़ से युवक लापता, न्याय की गुहार


लापता युवक सौरभ नायक का फाइल फोटो।

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत भुताही मुरगावों निवासी सुधीर नायक का पुत्र 19 वर्षीय युवक सौरभ नायक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है, परिजनों का आरोप है कि युवक को बहला फुसलाकर गायब किया गया है, और उसे किसी संस्था में भेजने की साजिश की गयी है। सौरभ नायक 28 जुलाई 2025 की दोपहर करीब 3:00 बजे अपने घर से अचानक लापता हो गया। सौरभ नायक का कद लगभग 05 फीट 02 इंच है, परिजनों के अनुसार युवक को एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से 05 दिनों से उसे बहलाया जा रहा था और उससे 35000 हजार की राशि भी ठग ली गयी थी, सुधीर नायक का आरोप है कि उसके बेटे को जानबूझकर गुमराह किया गया है, इसके अलावे 02 साल पहले भी उसका बेटा इसी तरह से गायब हुआ था। जिसे बाद में गोरंग सेवा फाउंडेशन हजारीबाग से किसी व्यक्ति द्वारा इस्कॉन संस्था के तहत ले जाया गया था। पीड़ित परिवार ने विष्णुगढ़ थाना में आवेदन देकर बेटे की बरामदगी का मांग की है, साथ ही इस मामले में त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## जीएस पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण




डोमचांच (आजाद सिपाही)। जीएस पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्हे बच्चों ने अपने अपने शिक्षिकाओं के साथ पेड़ लगाकर समाज को एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया। छोटे-छोटे बच्चों ने एक-एक पेड़ अपने मां के नाम पर लगाया। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने बताया कि इस कार्य के तहत उन सभी बच्चों को उनके नाम भारत सरकार के द्वारा एक सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जायेगा, जिसमें बच्चे की अपने मां के साथ पेड़ लगाते हुए एक तस्वीर भी उस सर्टिफिकेट में लगाई जायेगी। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के उपनिदेशक नीरज सिंह के दिशानिर्देश पर बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन में बच्चों के साथ शिक्षिका ममता सिन्हा, रिंकी चंद्रा, रूबी कुमारी, जानकी गुप्ता, पूजा राणा, आरुषि सिंह, नेहा श्री, निधि सिंह, शमा परवीन, विमला कुमारी सहित अन्य शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

# जेपीएससी में सफल चार अभ्यर्थियों को छपेरवा समाज के लोगों ने किया सम्मानित

**अभिभावकों को भी अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**

**सावित्री कुमारी को बड़कागांव काली मंदिर से एवं विपिन भास्कर को विश्रामपुर से गाजे बाजे के साथ किया स्वागत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों को छपेरवा समाज के अध्यक्ष कृतियानंद महतो की अध्यक्षता में मध्य विद्यालय सांढ के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सफल अभ्यर्थी डीएसपी के पद पर रोबिन कुमार, विपिन भास्कर उर्फ गौतम, मनीष कुमार एवं बीडीओ सावित्री कुमारी को फूलमाला बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र मंडल ने सफल अभ्यर्थियों को बधाइयां देते हुए कहां कि अब जीवन का चैलेंजिंग का वक्त आ गया है। घर, परिवार, सरकार व जनता का कार्य एक साथ निभाना होगा। इसीलिए ट्रेनिंग के समय ध्यान से और धैर्य पूर्वक ट्रेनिंग करेंगे। उसके बाद आप लोगों को पोस्टिंग की जायेगी। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सेवा निवृत कुलपति डॉक्टर मुकुल नारायण देव ने सफल अभ्यर्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि हर बच्चे की पहली शिक्षक उनके माता-पिता होते हैं। वहीं से उनका भविष्य तय होता है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भी होना बहुत ही जरूरी होता है। अभी गांव समाज का माहौल बिगड़ता जा रहा है। इसीलिए हर अभिभावक को बच्चों के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है। और सही रास्ता दिखाने के लिए हमेशा बच्चों के प्रति समर्पित रहना होगा। मंच का संचालन पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। इस अवसर मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश कुमार दांगी, योगेंद्र महतो, विकास कुमार,सुरेश महतो, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, उप मुखिया अवंती देवी, विद्यालय के प्राचार्य उचित्रा सिंह, समाज के अध्यक्ष कृत्यानंद महतो, सचिव गुरदयाल कुमार जिज्ञासु, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार, टोला मलिक दीपक, सुरेंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद कुमार, शिक्षक उमेश प्रसाद दांगी, नंदकिशोर नारायण, परमेश्वर, अरुणा कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## राज्यव्यापी आंदोलन के तहत डीलर संघ का जिला मुख्यालय में महाधरना आज



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन राज्य सरकार से अपनी मांगों के समर्थन में झारखंड के सभी जिला मुख्यालय में एक अगस्त को एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया जाना है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में संघ के जिला अध्यक्ष नंदू प्रसाद के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को महाधरना 11 बजे दिन से 3 बजे तक दिया जायेगा। धरना के बाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपी जायेगी। इस कार्यक्रम में बड़कागांव डीलर संघ प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता एवं प्रखंड सचिव बालेश्वर महतो के नेतृत्व में शामिल होंगे।

## महिला शिक्षकों ने झामुमो जिला अध्यक्ष से की मुलाकात




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिले के महिला शिक्षकों का एक दल ने झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया से मुलाकात की। इस दौरान गुलदस्ता देकर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। महिला शिक्षकों ने झामुमो जिला अध्यक्ष को अपनी मांगों से अगवत कराया। कहा कि आप सत्ताधारी दल के हजारीबाग जिला अध्यक्ष है आपसे हम सबों को बहुत उम्मीद है। आप हमारी मांगों को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाने में मदद करे। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सदा आम आवाम के मदद के लिए खड़ी रहती है। आपकी मांग को सरकार के ध्यान में लाने का काम करूंगा।

## गैलेक्सी हाइ स्कूल में जांच शिविर का आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के बाल दंत चिकित्सकों के द्वारा पंडितजी रोड स्थित शिक्षा गैलेक्सी हाई स्कूल में गुरूवार को निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन हुआ। विद्यालय के बच्चे, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण सहित कई जरूरतमंद मरीजों ने निःशुल्क दंत जांच शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 400 से अधिक स्कूली बच्चे एवं अन्य जरूरतमंदों ने शिविर में जांच एवं उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं। यदि हम उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य की ओर जागरूक करें, तो हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त भारत की नींव रख सकते हैं। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के डॉ सौर्य गुप्ता, पीजी की छात्रा डॉ सौम्या साल्वी, डॉ मंशी महाराज, प्रशिक्षु श्वेता कुमारी, शिल्पी कुमारी, अंतिम वर्ष की छात्रा किश्लय, किरण, मानवी, फुलकेरिया पुरती एवं अभिषेक कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## जंगली हाथियों का आतंक जारी, ग्रामीणों में दहशत

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखंड में दो दिनों से सात जंगली हाथियों की झुंड ने खूब तबाही मचाई है। कई घरों को तोड़कर काफी क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचाया है। पहले दिन हाथियों के झुंड ने सोमवार को गोविन्दपुर के इलाकों में कुछ घरों एवं अनाज व फसल का नुकसान पहुंचाने के बाद करीब छह बजे की शाम में गुरुवार को भेलवारा पंचायत अंतर्गत महुआटांड़ में भुनेश्वर गंझू, नरेश गंझू, प्रकाश गंझू के मिट्टी के कच्चे मकान को ध्वस्त कर तोड़ दिया और घर मे रखे गेहूं, चावल एवं अन्य सामानों को खा गये, साथ ही फसलों को खूब नुकसान पहुंचाया। जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में बीते दो दिन से जंगली हाथियों के झुंड आ जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मी को दी गयी विदाई



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय केरेडारी में अनुसेवक के पद पर कार्य कर रहे कौलेश्वर महतो को भावभीनी विदाई दी गयी। बीडीओ विवेक कुमार, सीओ रामरतन बरनवाल और अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मियों ने इनके कार्य को सराहा व इन्हें माला पहना कर व उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही इनके सुखद जीवन की कामना की। विदाई के अवसर पर अनुसेवक कौलेश्वर महतो भी भवक हो गये और कार्यालय में बिताये दिनों को याद किया व सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

# महुंगाइकलां में ग्रामीणों ने बीजीआर कंपनी के अधिकारियों को गांव में घुसने से रोका

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड महुंगाईकलां बाजार टांड़ में गुरुवार के सुबह लगभग 11 बजे महुंगाईकलां बाजार टांड़ में उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जब स्थानीय ग्रामीणों ने बीजीआर कंपनी के अधिकारियों को गांव में प्रवेश करने से रोक दिया। ग्रामीणों ने अधिकारियों की गाड़ी को घेर लिया और लगभग दो घंटे तक उन्हें अपने कब्जे में रखा।

घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और अधिकारियों को ग्रामीणों के कब्जे से सुरक्षित छुड़ाया। ग्रामीणों का आरोप था कि बीजीआर कंपनी द्वारा उनके गांव की सड़क का बार-बार प्रयोग किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को असुविधा हो रही है। उनका कहना था कि जब तक कंपनी लिखित रूप में यह नहीं देती कि वह भविष्य में इस रास्ते का उपयोग नहीं करेगी, तब तक अधिकारियों को नहीं छोड़ा जायेगा।

पुलिस की मध्यस्थता और लिखित आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने कंपनी अधिकारियों को छोड़ा। बताते चलें कि बीजीआर कंपनी के अधिकारियों सुकुल खपिया (चौधरी बाड़ी) स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे। तभी महुंगाईकलां के पास ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी को रोक दिया।

खबर लिखे जाने तक बीजीआर कंपनी की ओर से बड़कागांव थाना में आवेदन देने की प्रक्रिया चल रही थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है और दोषियों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। ग्रामीणों और कंपनी के बीच बढ़ते टकराव को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है।

## नाबालिग छात्रा सात दिन से रहस्यमय ढंग से लापता

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पढ़ने के लिए प्लस टू हाई स्कूल जाने के लिए घर से निकली इंटर की छात्रा 24 जुलाई से लापता है। इस संबंध में छात्र के पिता ने आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया है बड़कागांव प्रखंड के महुंगाईकलां निवासी सुनील साव की नाबालिग पुत्री 26 जुलाई को सुबह 9:00 बजे प्लस टू हाई स्कूल हरली जाने के लिए घर से निकली थी। तब से अब तक घर नहीं लौटी है।यह छात्र 11 वीं की छात्रा है। आवेदन के अनुसार लापता छात्रा के पिता सुनील साव ने केरेडारी थाना क्षेत्र के पुरनी पेटो निवासी अर्जुन साहू के पुत्र भोला साहू पर भगाने का आरोप लगाया है। बड़कागांव थाना में आवेदन दिये जाने के बाद 195/ 2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में भगाने के साजिश में बड़कागांव पुलिस द्वारा एक युवक को हिरासत में लिए जाने की खबर है। थाना में दिए गए आवेदन के घर से निकली छात्रा 9:00 बजे सुबह हरली प्लस टू हाईस्कूल के पास पहुंचकर, उसी विद्यालय में कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली अपनी छोटी बहन को अपनी साइकिल दे दी। सावित्री बाई फुले फॉर्म भरने के लिए आधार कार्ड का फोटो कॉपी करवाने के लिए बोलकर वहां से चली गयी। घर वापस नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन शुरू किया।




## रामगढ़ पूर्वी के डाक निरीक्षक सम्मानित



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** मानव समाज को किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने का एक ही मंत्र है कड़ी मेहनत और समर्पण का भाव, यदि किसी व्यक्ति में ये दो गुण होंगे तो वो किसी भी क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ सकता है। ऐसा ही कुछ कर रहे हैं रामगढ़ पूर्वीअनुमंडल के डाक निरीक्षक आशीष पांडेय। आशीष पांडेय वर्तमान में रामगढ़ पूर्वी अनुमंडल में डाक निरीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। जिनके कार्यकाल में लगातार रामगढ़ सफलता की सीढ़ी चढ़ रहा हैं। वर्तमान में पीएलआइ/ आरपीएलाइ में हजारीबाग प्रमंडल पूरे देश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। इस सफलता में रामगढ़ पूर्वी अनुमंडल में कार्यरत सभी डाक कर्मियों का विशेष योगदान रहा। रामगढ़ पूर्वी अनुमंडल में मात्र 10 उप डाकघर हैं। इतने कम उप डाकघर होने के बावजूद 90 लाख 50 हजार का बिजनेस देकर एक कृतमान स्थापित किया हैं। इस सफलता के बाद डाक निदेशक आरबी चौधरी के द्वारा डाक निरीक्षक आशीष पांडेय को सम्मानित किया गया एवं इनके कार्यों की प्रशंसा की गयी। रामगढ़ पूर्वी अनुमंडल के डाक निरीक्षक आशीष पांडेय ने अपने सफलता का श्रेय अपने डाक कर्मियों को दिया। कहा कि हमारी टीम काफी मेहनती हैं, टीम वर्क के साथ मेहनत करने से हर लक्ष्य को हासिल करना आसान हैं। उन्होंने कहा कि डाक विभाग की योजनाएं सबसे बेहतर हैं, जिससे आम लोगो को लाभ मिलता हैं।

## कला मंच ने अभिनेता धीरज कुमार को दी श्रद्धांजलि

बरकाकाना (**आजाद सिपाही**)। जमशेदपुर कलाकार मंच एवं भाजपा कला सांस्कृतिक मंच की संयुक्त बैठक भाजपा नेत्री आरती प्रसाद के बरकाकाना रेलवे कॉलोनी स्थित आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर फिल्म अभिनेता धीरज कुमार को श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित मंच के प्रदेश मंत्री सपना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता धीरज कुमार हर हिन्दुस्तानियों के दिल में रहेंगे। मौके पर शिल्पा नमता,सीमा नमता,बापी नमता, सुमन कुमार पाठक, पबई चक्रवर्ती,डिम्पल जायसवाल,शालिनी अग्रवाल,पूजा सरकार,पुष्पलता बला भूमिक,रूपा सिंह,गणेश भूमिक,शिखा दुबे,रिया महतो,सविता महतो,कविता महतो,सखी महतो,साधना चक्रवर्ती सहित अन्य लोगों ने उन्हें नमन किया।

# ओड़िशा से यूपी जा रहा था रामगढ़ में जब्त मिलावटी दूध लदा टैंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सावन का महीना और रक्षाबंधन त्यौहार का बाजार पूरी तरीके से गर्म है। रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए बहने अपने भाइयों को राखी के साथ-साथ मिठाइयां भी भेज रही हैं। यह सिलसिला पिछले कई दिनों से अनवरत जारी है। अभी भी भाइयों से दूर रहने वाली बहने एडवांस में मिठाई खरीद कर भाइयों को कोरियर कर रही हैं। लेकिन उन्हें नहीं पता है कि वे जिस मिठाई से अपने भाई का मुंह मीठा करने वाली है, वह उनकी सेहत भी खराब कर सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि झारखंड और बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश जैसे बड़े भूभाग में उड़ीसा से दूध पहुंचाने की बात की जा रही है। बाजार में दूध की डिमांड इतनी है कि उड़ीसा से इन इलाकों में टैंकर से दूध भेजा जा रहा है। लेकिन यह दूध और गाय भैंस का नहीं बल्कि गंदे पानी, केमिकल और अन्य हानिकारक पदार्थों के मिलावट से तैयार किया गया है।



**पंजाब के ट्रांसपोर्टर के बयान से खुला राज :** रामगढ़ में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जब 30 हजार लीटर मिलावटी दूध से लदा टैंकर पकड़ा तो यह पूरा गोरख धंधा भी सामने आ गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी की टीम और पुलिस को देखकर मिलावट करने वाले लोग फरार हो गए। टीम ने छानबीन की तो पंजाब राज्य के ट्रांसपोर्टर गुरमीत सिंह का नाम सामने आया। पूछताछ के दौरान फोन पर उसने जो बयान दिया उससे यह स्पष्ट हो गया कि त्योहारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की शुरूआत कई हफ्ते पहले से ही शुरू हो जाती है। गुरमीत ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसका टैंकर पीबी 11 सीएम 3311 उड़ीसा मिल्क फेडरेशन से दूध लेकर उत्तर प्रदेश के लिए चला था। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर वहां दूध की डिमांड काफी अधिक है। लेकिन रास्ते में टैंकर के ड्राइवर और रामगढ़ में रॉबिन होटल के मालिक के द्वारा 5000 लीटर दूध निकाल कर उसमें केमिकल और अन्य गंदे पदार्थ की मिलावट कर दी गयी।

**झारखंड में भी बढ़िया दूध के नाम पर मिल रहा नकली उत्पाद :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने कई प्रकार के संदेह जाहिर किए हैं। गुरुवार को उन्होंने कहा है कि दूध से लदा टैंकर उत्तर प्रदेश में खाली होता, इसका कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है। टैंकर पर उड़ीसा मिल्क फेडरेशन का मुहर तो लगा है, लेकिन उन्हें जांच के दौरान कोई भी ई वे बिल नहीं मिला है। वह दूध उत्तर प्रदेश के बाजार में खाली होता या झारखंड के विभिन्न जिलों में मिलावट कर उसे खाली किया जाता, यह कह पाना मुश्किल है।

त्योहारों का समय है और होटल मालिकों के द्वारा मिलावटी दूध से बने जहरीले उत्पाद बेचने की योजना बनाई जाती है। अक्सर त्योहारों में इसकी जांच होती है, लेकिन आम दिनों में होटल मालिक इसका फायदा उठा लेते हैं। इस बार मिलावटी दूध मिलने के बाद सभी को नष्ट कर दिया गया। साथ ही सभी संदिग्ध लोगों के खिलाफ रामगढ़ थाने में सनहा दर्ज किया गया है।

## कृषि उद्यम मेला का उद्घाटन आज, तैयारी पूरी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** 1 एवं 2 अगस्त को स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कृषि उद्यम मेला 2025 का उद्घाटन आज शुक्रवार सुबह 10 बजे किया जायेगा। यह आयोजन न केवल कृषि के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं की पहुंच को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का एक ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। इस दो दिवसीय मेले में आधुनिक कृषि तकनीकों की प्रदर्शनी एवं किसानों के उत्पादों का विपणन, रिलाइंस, अमूल, मेघा समेत 30 से अधिक राष्ट्रीय खरीदारों की उपस्थिति, पॉलीहाउस, हाइड्रोपोनिक्स, बायोफ्लॉक आदि मॉडलों का जीवंत प्रदर्शन तथा प्रशिक्षण, संवाद एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। आमजन को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतियां भी आयोजन स्थल पर दी जायेंगी, जो मेले के सामाजिक सरोकार को और अधिक सशक्त बनायेंगी।

## बाइक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, दो फरार

**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बलूरी गांव के एक घर से बुधवार की देर रात मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बाइक चोर सुशील कुमार बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर बाजार का रहने वाला है। वहीं दो चोर मदनपुर बाजार के गुड्डू कुमार और दिनेश कुमार अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार तीनों चोर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बलुरी गांव आये। गांव के मुकेश चंद्रवंशी अपने घर के बरामदा में अपनी स्पलेंडर बाइक खड़ी कर घर के अंदर सो रहा था। इसी बीच उसे किसी के बरामदे में होने की आहट सुनाइ दी। उसने हल्ला मचाया। इसी बीच बाइक चोर मोटरसाइकिल लेकर भागने लगे। इसी बीच गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर चोरों को खदेड़ने लगे। जिसमें दो चोर भागने में सफल रहे। वहीं एक चोर को ग्रामीणों ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ धर दबोचा।



आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# कुडू में 779 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**तलाशी के दौरान कुल 33 कार्टन में भरी 750 मिलीलीटर की '3 कोइंस व्हिस्की' बरामद की गयी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू-चंदवा मुख्य पथ पर ग्राम टीको स्थित रवि साहू के ईंट भट्ठे के समीप अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गयी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक ब्लू रंग के पियागो मालवाहक टेंपो को ईंट भट्ठे के समीप रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान अवैध रूप से ढोई जा रही खेप से कुल 33 कार्टन में भरी 750 मिलीलीटर की '3 कोइंस व्हिस्की' की 779 बोतलें बरामद की गयी। मौके पर ही शराब जब्त कर ली गयी साथ ही कुडू के बरहनिया मुहल्ला निवासी प्रदीप महली उर्फ बबलू, पिता रामू महली को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये शराब कहां से लायी जा रही थी और इसका नेटवर्क किन-किन क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

## बालू का अवैध खनन और परिवहन रोकें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में एनजीटी की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला में बालू का अवैध खनन, उठाव और परिवहन रोके जाने का सख्त निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के आदेशों का सख्ती से पालन कराएं। बालू के अवैध खनन, उठाव और परिवहन की सूचना पर त्वरित गति से नियमानुसार कार्रवाई करें। बालू उठाव के रास्तों अस्थायी रूप से बंद करें। कहीं पर बालू अवैध रूप से स्टॉक किया गया है तो उन पर भी कार्रवाई करें। उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के आदेश का सख्ती से पालन कराने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को जिला में प्रदूषण, हवा की गुणवत्ता, आद्रता, घनत्व आदि निदेशांकों को डिस्प्ले करने हेतु उपकरण स्थापित करने के लिए दिए गए पूर्व निर्देश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा जिला में जंगल-झाड़ भूमि, पूर्व से वन भूमि की प्रकृति और पौधरोपण वाले भूमि का सर्वेक्षण करने के लिए भारत सरकार के निदेर्शों से सभी अंचल अधिकारियों को अवगत कराया। उपायुक्त द्वारा सभी अंचल पदाधिकारियों को उक्त भूमि का सर्वेक्षण मौजावर करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला में आर्द्रभूमि स्थलों को भी चिह्नित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुधीर प्रकाश, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जेपीएससी परीक्षा में सफल अभ्यर्थी मीनाक्षी को किया सम्मानित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2023 में 120वां रैंक पानेवाली मीनाक्षी को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मीनाक्षी को वित्त सेवा में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। मीनाक्षी के पिता गौरीशंकर शर्मा वर्तमान में सदर प्रखंड लोहरदगा में बतौर प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उपायुक्त ने उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## ग्राम प्रधान और उप मुखिया की पहल पर श्रमदान कर नाली की सफाई



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड अंतर्गत उडुमुरु पंचायत के हुरहद गांव में ग्राम प्रधान शिबु भगत और उप मुखिया साजदा खातुन के सहयोग से ग्रामीणों ने श्रमदान कर गांव की पक्की नाली की सफाई की। स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों ने एकजुट होकर नाली की गंदगी हटाई और जलनिकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाया। इस पहल की सराहना करते हुए पुर्व उप मुखिया हफीजुल अंसारी ने कहा कि गांव की स्वच्छता के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। आज सभी ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और यह संदेश दिया कि यदि सभी साथ आएं तो किसी भी काम को सफल बनाया जा सकता है।

## सेंट्रल बैंक के दो मैनेजरों को मानहानि का नोटिस

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार शहर के व्यवसायी व युवा समाजसेवी रितेश महलका ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (हेठपोचरा) के तत्कालीन बैक मैनेजर संदीप नारायण सिन्हा एवं सीनियर मैनेजर बेनन पी बारला पर 50-50 लाख कुल एक करोड़ रुपए का मानहानि का दावा ठोका है। इस संबंध में महलका के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि अक्टूबर 2020 में एक सुनियोजित साजिश के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (हेठपोचरा) के तत्कालीन बैंक मैनेजर संदीप नारायण सिन्हा एवं सीनियर मैनेजर बेनन पी बारला ने श्री महलका के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में झूठी प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। इस झूठे मुकदमे ने श्री महलका की सामाजिक प्रतिष्ठा, पारिवारिक सम्मान और व्यावसायिक छवि को गंभीर क्षति पहुंची थी। पिछले नौ जून को 2025 को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी उत्कर्ष जैन की अदालत ने तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर श्री महलका को निर्दोष पाया और उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया। श्री कुमार ने बताया कि श्री महलका ने पूर्व के दोनो बैंक मैनेजरों को विधिवत कानूनी नोटिस जारी कर एक करोड़ की क्षतिपूर्ति की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में लिखित माफीनामा और आर्थिक क्षतिपूर्ति नहीं की जाती तो दीवानी एवं दंडात्मक मुकदमे दायर किये जायेगें।

## पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला थाना कांड संख्या 39/2023 के फरार अभियुक्त आशीष सिंह, पिता धर्मनाथ सिंह, सा. न्यू मार्केट काके चौक, थाना- कांके, जिला-रांची के घर पर गोला थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। इश्तेहार चिपकाते हुए इस संबंध में एसआइ स्वामी रंजन ओझा ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार 31 जुलाई को अभियुक्त के रांची न्यू मार्केट कांके चौक स्थित आवास, स्थानीय बाजार और रामगढ़ में न्यायालय के बाहर इश्तेहार सूचना चिपकाया गया है। आशीष सिंह धारा 302, 201, 34 भादवि के अधीन आरोपी है और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त आशीष सिंह मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि अभियुक्त आशीष सिंह फरार हो गया है। न्यायालय ने रामगढ़ में 6 सितंबर को हाजिर हो के लिए कहा है।

## श्मशान घाट की जमीन पर अतिक्रमण का ग्रामीणों ने किया विरोध, रोक की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



सीओ की अनुपस्थिति में सहायक को आवेदन पत्र देते ग्रामीण।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पुरानी बस्ती समेत आसपास के सैकड़ो से अधिक ग्रामीणों ने प्रखंड के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम समेत अन्य सम्बंधित अधिकारी को हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र देकर प्रखंड के सबसे पुरानी श्मशान घाट क्षेत्र में अतिक्रमण कर श्मशान घाट की जमीन को कब्जा किया जा रहा है। इस संबंध में पुरानी बस्ती के शिवनारायण प्रसाद बबलू पंकज गुप्ता, रवि शेखर, विवेक कुमार गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद, निरंजन प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद , सुदामा प्रसाद, अजय प्रसाद,सोनू सिंह समेत सैकड़ो से अधिक ग्रामीणों ने अधिकारियों को दिये अपने आवेदन में कहा कि हम सभी लोगों का पीढ़ी दर पीढी से इस शमशान घाट में अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करते आ रहे। वर्षों पुरानी श्मशान घाट में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा विधायक निधि से शवदाह गृह का भी निर्माण और मरम्मती भी कई बार कराया गया है। लेकिन वर्तमान समय में कुछ दबंग जमीन के बिचौलियों द्वारा गलत तरीके से श्मशान घाट के जमीन को अतिक्रमण किया जा रहा है। यही नहीं अवैध कब्जा कर चाहरदीवारी निर्माण कर श्मशान घाट के रास्ता और सामने की जमीन को कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन पत्र में कहा है कि वर्षों पुरानी जमीन पर कब्जा किये जाने से समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इसमें तत्काल हस्तक्षेप करते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग किया है। जिससे वर्षों पुरानी इस ऐतिहासिक श्मशान घाट की जमीन बरकरार रह सके। उधर बाउंड्री का निर्माण किये जाने से ग्रामीण आक्रोशित है।

## लोहरदगा में होगा महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्रावणी महापर्व के पावन अवसर पर आगामी 3 अगस्त 2025 (रविवार) को लक्ष्मी नारायण भवन (गेस्ट हाउस), शास्त्री चौक, लोहरदगा में एक भव्य आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। योग परिवार एवं वैदिक विश्व मंगल न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 51000 महामृत्युंजय मंत्रों का सामूहिक जाप, मंत्र साधना तथा सिद्धि क्रिया विधिपूर्वक संपन्न करायी जायेगी। इस अनुष्ठान में वेदों के शिव संकल्प सूक्त के विशिष्ट मंत्रों की अग्नि में आहुति दी जायेगी। आयोजकों के अनुसार, महामृत्युंजय मंत्र शिवजी को प्रसन्न करने वाला अत्यंत प्रभावशाली और कल्याणकारी मंत्र है। इस मंत्र की सिद्ध साधना से चेतना का विकास, रोगों से मुक्ति, दुख-बाधाओं का नाश और अकाल मृत्यु से रक्षा संभव होती है। कार्यक्रम डॉ. अशोक आचार्य के ब्रह्मत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेन्द्र खत्री होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य जन भाग लेंगे। इस अवसर पर शिवभक्तों को मंत्र जाप में भागीदारी एवं यजमान बनने का भी सुअवसर मिलेगा। आयोजकों ने इच्छुक सनातनी शिवभक्तों से आग्रह किया है कि वे पूर्व में ही अपना स्थान सुनिश्चित करें। इस अनुष्ठान में अनेक श्रद्धालु शाकाहारी जीवन का संकल्प भी लेंगे।

## भैसमुंदो टंगरा टोली में पेयजल समस्या, समाधान की मांग



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो टंगरा टोली गांव के ग्रामीण वर्षों से शुद्ध पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्र में बसे इस गांव में आज तक कोई स्थायी जलस्रोत उपलब्ध नहीं हो सका है। बोरिंग की कई कोशिशें भी विफल रही हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली के नेतृत्व में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और स्थायी समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने आवेदन में बताया कि गांव में आदिवासी, पिछड़ा और सामान्य जाति के लगभग 40 परिवार रहते हैं, जो सालों से कुएं और नदी के दूषित जल से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब दूषित पानी पीने से ग्रामीणों में संक्रमण और जलजनित बीमारियां फैलती हैं। मुखिया परमेश्वर महली ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक टंगरा टोली में पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। कई बार बोरिंग कराए गए लेकिन सभी असफल रहे। उन्होंने नदी में कुआं खोदकर जल-नल योजना के माध्यम से गांव में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्राम प्रधान धरती प्रधान, बालकृष्ण सिंह, दीपक, संगीता, राजेंद्र सहित दर्जनों ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय पहुंचे थे। उपायुक्त ने ग्रामीणों को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## शकील अख्तर ने लोहरदगाा में डाकघरों में पोस्टल ऑर्डर की आपूर्ति की मांग की



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के लोहरदगा जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने जिले में पोस्टल ऑर्डर की अनुपलब्धता को लेकर गहरी चिंता जतायी है। उन्होंने इस विषय को लेकर उपायुक्त, लोहरदगा को ज्ञापन सौंपा है। शकील अख्तर ने बताया कि लोहरदगा जिले के किसी भी डाकघर में वर्षों से पोस्टल ऑर्डर नहीं मिल रहा है, जो न केवल चिंताजनक है, बल्कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के पालन में भी गंभीर बाधा उत्पन्न कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग 40-50 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय आते हैं, ताकि वे आरटीआइ आवेदन, सरकारी सेवाओं में शुल्क भुगतान, या विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक पोस्टल ऑर्डर खरीद सकें, लेकिन डाकघरों में यह सुविधा नदारद है। पोस्टल ऑर्डर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत एक आवश्यक माध्यम है, जिससे नागरिक सरकार से जानकारी मांग सकते हैं। कई सरकारी परीक्षाओं व सेवाओं में भी पोस्टल ऑर्डर का प्रयोग भुगतान हेतु किया जाता है। मुख्य डाकघर, लोहरदगा से संपर्क करने पर वहां के अधिकारियों ने बताया कि जिले में पोस्टल ऑर्डर की आपूर्ति ही नहीं हो रही है। इस पर मंच ने सवाल उठाया है कि इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? बार-बार अखबार और सोशल मीडिया में यह मुद्दा उठाया गया है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। शकील अख्तर ने जनहित में मांग की है कि जिले के सभी डाकघरों में पोस्टल ऑर्डर की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, ताकि आम जनता को सुविधा मिल सके और वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें।

## राधा गोविंद विवि के मनोविज्ञान विभाग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में नेशनल माइनॉरिटी मेंटल हेल्थ अवेयरनेस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के मध्य अल्पसंखक समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना तथा मानसिक स्वास्थय से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों और कलंक को कम करना था। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि छात्रों की मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक भलाई को भी समझना है। विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो हाशिए पर खडे, समुदायों से आते हैं, अतः हमे एक संवेदनशील और समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाना होगा। वही, सचिव प्रियंका कुमारी ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस जागरूता कार्यक्रम से प्रेरणा लें तथा अल्पसंख्यक समुदाय के स्वास्थ्य को उन्नत बनाने में मानसिक स्वास्थ्य की उन्नत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ भारती कुमारी ने की। जबकि संचालन सहायक प्राध्यापक विक्रम कुमार द्वारा किया गया।


## डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाात

**लोहरदगा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा विषय पर गुरुवार को कस्तूरबा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, लोहरदगा में आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ लोहरदगा श्रद्धा केरकेट्टा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, साइबर सेल लोहरदगा के सब इंस्पेक्टर खुशबू रानी, सीडीपीओ लोहरदगा सदर ज्योति कुमारी प्रसाद, बाल विकास परियोजना लोहरदगा सदर के महिला पर्यवेक्षिका, प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता के मुख्य बिंदुओं जैसे किसी से ओटीपी शेयर ना करना, किसी अनजान व्यक्ति से फेसबुक या अन्य प्लेटफार्म पर दोस्ती ना करना, किसी तरह के भी अनजान गेमिंग एप में पेमेंट या इस तरह के वॉलेट का इस्तेमाल न करना पर चर्चा की गयी और छात्राओं को जागरूक किया गया। समाज में हो रहे साइबर अपराधों के प्रति अपने माता-पिता को आस पड़ोस को सभी को जागरूक करने हेतु आह्वान किया गया। सभी को साइबर फ्रॉड होने पर डायल 1930 पर कॉल करने की जानकारी दी गयी।

## ओबीसी आरक्षण को लेकर 6 को होगा विशाल धरना-प्रदर्शन : संतोष महतो




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के तत्वावधान में आगामी 6 अगस्त 2025 को राज्यपाल भवन, रांची के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस संबंध में स्टेट कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धरना कार्यक्रम में लोहरदगा जिले से सैकड़ों की संख्या में ओबीसी समाज के लोग भाग लेंगे और राजभवन का घेराव करेंगे। आंदोलन का उद्देश्य ओबीसी समाज के अधिकारों को लेकर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है। हमारी प्रमुख मांगो में झारखंड विधानसभा द्वारा पारित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण प्रस्ताव को राज्यपाल केंद्र को शीघ्र प्रेषित करें। झारखंड में 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त किया जाये। निजी क्षेत्र में भी ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाये। कांग्रेस नेता संतोष महतो ने कहा कि इस धरना को सफल बनाने के लिए जिले में होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस कार्यक्रम में जिले से हजारों लोग शामिल होंगे।

## केंद्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के तत्वावधान में लोहरदगा मुख्य पथ मे स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार के निर्देश पर आयोजित शिविर में डॉक्टर ओम कुमार के नेतृत्व मे चिकित्सकों ने विद्यालय के करीब 250 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान बच्चों का नेत्र, दंत, स्वाद जांच समेत जन्मजात रोग के पहचान के लिए स्क्रीनिंग किया गया। स्वास्थ्य के दौरान आवश्यकतानुसार बच्चों के बीच दवा का वितरण किया गया। मौके पर डॉक्टर ओम कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य जांच के बाद बच्चों को हाइजीन, हैंडवाश के तरीकों के साथ पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

## बाल विद्या मंदिर के विद्यार्थी पुरस्कृत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने गुरुवार को जीएम सभागार में बाल विद्या मंदिर के सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सीसीएल के आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा पर विद्यार्थियों द्वारा बेहतर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सफल प्रतिभागियों को जीएम राजीव सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि सफलता हेतु बच्चों को हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। पुरस्कृत होने वालों में तब्बूसम प्रवीण, सायना प्रवीण, आलीसा प्रवीण, आशियाना प्रवीण, सामिया प्रवीण, संकरी कुमारी, आयुष कुमार, पीयूष राज समेत प्रिंसिपल रंजीत कुमार सिंह, शिक्षक सुनीता कुमारी मौजूद रहे। वहीं, प्रिंसिपल रंजीत कुमार सिंह ने बच्चों को उत्साह बढ़ाते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सभी प्राथमिक और सामुदायिक केंद्रों को एंटीवेनम रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, गर्भवती महिला का एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच, पेंटा-1 कवरेज, पेंटा-2 कवरेज, ओपीवी-1,कुपोषण उपचार केंद्र, एसएनसीयू, नियमित टीकाकरण, एचआइवी जांच, कुष्ठ रोग, टीवी रोग, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति, अस्पतालों में दवा आपूर्ति, स्वास्थ्य संस्थान की आधारभूत संरचना, मानव संसाधन की उपलब्धता, सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मूलभुत सुविधाओं विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में सभी सीएचसी, पीएचसी में एंटीवेनम इंजेक्शन की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु में सांप काटने की घटनाओं में वृद्धि होती है, ऐसे में एंटीवेनम की कमी के कारण किसी भी मरीज की जान न जाये, यह सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि प्रत्येक केंद्र की नियमित जांच कर जहां भी एंटीवेनम की कमी हो, वहां तुरंत आपूर्ति की जाये। महिलाओं के संस्थागत प्रसव एवं प्रसव पूर्व जांच की प्रगति की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया गया कि महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति समयबद्ध रूप से की जाए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 31 अगस्त तक सभी पात्र लाभुकों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अखिलेश्वर सिंह समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## छिपादोहर में सेवानिवृत चौकीदार को मिली विदाई



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना परिसर में एक सादे समारोह में थाना के सेवानिवृत चौकीदार जमुना पासवान की विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई।कार्यक्रम में सेवानिवृत चौकीदार को नव पदस्थापित थाना प्रभारी यकीन अंसारी ने माला पहनाकर चौकीदार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति चौकीदार को थाना में पदस्थापित अन्य पुलिस पदाधिकारी ने माला पहना कर एवं सामूहिक उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाकरते हुई। शुभकामनाएं दी। मौके पर पुलिस पदाधिकारी ने सेवानिवृत चौकीदार जमुना पासवान द्वारा थाना में दिए गए अपने सेवाकाल के दौरान कार्य कुशलता एवं अच्छे कार्य की सभी ने प्रशंसा किया। वही सेवा निवृत प्रखंड के मोरवाई पंचायत के सेदुप बिट के चौकीदार जमुना पासवान ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने अधिकारियों समेत अपने सहयोगी चौकीदारों द्वारा मिले सहयोग की प्रशंसा करते हुई सभी का आभार प्रकट किया।

## खबर का असर : सीएस ने टीम भेज कर उप स्वास्थ्य केंद्र की करवायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** दैनिक अखबार आजाद सिपाही के 24 जुलाई के अंक में प्रकाशित 'एएनएम पर परिजनों ने नवजात बच्चे को जान से मारने का लगाया गंभीर आरोप' नामक शीर्षक छपने के बाद सीएस ने टीम गठित कर उप स्वास्थ्य केंद्र में जांच टीम भेजा। जांच टीम ने एएनएम बबिता कुमारी एवं मृत नवजात के परिजन मंटू विश्वकर्मा का ब्यान दर्ज किया। जांच के क्रम में आरोपी एएनएम ने खुद प्रसव कराने से इंकार कर उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत दूसरे एएनएम पविता कुमारी पर आरोप लगायी। पविता कुमारी ने बताया कि जिस दिन मंटू विश्वकर्मा की पत्नी का प्रसव हुआ था, उस दिन अपने पुत्र को इलाज कराने के लिए बाहर गयी हुई थी। जांच टीम में शामिल उपस्थित डॉक्टर सुचित्रा से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करने पर गोलमोल जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि अभी जांच रिपोर्ट तैयार कि जा रही है रिपोर्ट तैयार कर सीएस कार्यालय में सौंप दिया जायेगा।

## एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। अवधूत भगवान राम नर्सरी विद्यालय में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पौधों की देखभाल की शपथ ली। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि छात्रों ने पूरे उत्साह से पौधे लगाये और यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की नियमित देखभाल करेंगे। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के समय ही लोगों को शुद्ध वायु और ऑक्सीजन की महत्ता का वास्तविक अर्थ समझ में आया था। इस मौके पर शिक्षिका सुषमा कुमारी, निधि कुमारी, रीमा कुमारी आदि उपस्थित थी।

## सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गेश दुबे को दी गयी विदाई



कांडी (आजाद सिपाही)। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में गुरुवार को विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक दुर्गेश कुमार दुबे के सम्मान में एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांडी थाना के एएसआई मनोज कुमार थे। सेवानिवृत्त शिक्षक को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक मुरलीधर सिंह, महेंद्र मिस्त्री, वरिष्ठ शिक्षक रामप्रसाद पाठक, मुकेश कुमार चतुर्वेदी, सूरजकांत, सत्येंद्र कुमार मेहता, उमेश कुमार प्रसाद, उपेंद्र राम, बृजेंद्र बहादुर सिंह, नरेंद्र कुमार मिश्रा, राजेंद्र मौर्य सहित अनेक शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## रंगदारी और ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

केतार (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर निवासी रविंद्र पासवान पिता बाल धनी पासवान को रंगदारी मांगने के आरोप में केतार पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया। रविंद्र पासवान के विरुद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इसके आलोक में केतार पुलिस ने बड़ी मशक्कत से उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हाल ही में रविंद्र पर डोभा निर्माण में महिला लाभुक से रंगदारी नहीं देने पर योजना रद्द कर देने की धमकी देने पर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दी गयी थी। इसके अलावे रविंद्र पासवान के विरुद्ध नौकरी के नाम पर पैसा ठगी करने को लेकर केतार सहित दूसरे जिलों में भी कांड दर्ज है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि पुलिस सभी कांडों में अनुसंधान कर रही है। तथ्यों के आधार पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। बताया जाता है कि रविंद्र पासवान दूर दराज के अन्य जिलों एवं अपने प्रखंड के भी कुछ लोगों को बहला फुसला के नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की उगाही की है। इसकी भी जांच की जा रही है।


## भवनाथपुर थाना क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटनाएं

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आमजन की नींद हराम कर दी है। बीते दो महीनों के भीतर क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक घरों, दुकानों, खेतों में लगे मोटर और मोबाइल चोरी की वारदातें सामने आई हैं। इन घटनाओं को अंजाम देने वाले चोर अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिससे लोगों में सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता बनी हुई है। ताजा मामला भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव स्थित छवनी टोला का है, जहां बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने विनोद चंद्रवंशी के घर के बाहर मुख्य पथ किनारे खड़ी दो ट्रैक्टरों से बैटरी खोलकर चोरी कर ली। ट्रैक्टर मालिक सुबह उठकर खड़ी ट्रैक्टर के पास पहुंचे तो देखा कि दोनों ट्रैक्टरों की बैटरी गायब है। वहीं चोरों ने बगही निवासी अजीज मियां के खेत में लगे मोटर को भी चोरी कर लिया। इस संबंध में एसआई परवेज आलम ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है, मामले की जांचोपरांत पुलिस जल्द ही चोर को पकड़ने में सफल होगी।

## सगमा में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

सगमा (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। धुरकी पुलिस ने अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर जब्त किया है। मामले में प्राथमिकी के लिए जिला कार्यालय खनन को भेजा गया है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के शरदा गांव से पुलिस गस्ती दल ने बालू लदे एक टैक्टर पकड़ा है। कन्हर नदी से बालू लेकर ट्रैक्टर शारदा गांव की तरफ जाने की गुप्त सूचना मिली थी। उसी आलोक में कार्रवाई करते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है।

## चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में तुलसीदास जयंती का शुभारंभ माँ शारदे, भारत माता, ओम एवं तुलसीदास जी के चित्र के समक्ष प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस उपलक्ष्य में सुलेख, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भैया -बहनों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। तुलसीदास का जीवनवृत्त पर भैया अर्णव राज पाण्डेय, बहन नैन्सी शुक्ला, बहन पीहू तिवारी आदि ने विस्तार से बौद्धिक दिया। इस कार्यक्रम में तुलसीदास, राम-लक्ष्मण व शबरी की रूप सज्जा मुख्य आकर्षण का केंद्र था। शबरी से राम के मिलन का पल देखकर भैया-बहन आह्लादित थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि रामचरितमानस सर्वकालिक तथा सर्वव्यापी धरोहर है। इसमें जीवन के सभी विधाओं का सामंजस्य है। हर किसी को इस ग्रंथ का अध्ययन करना चाहिए। तुलसीदास भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त थे, जो इस दोहे से पता चलता है।

### पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही का वर्तमान विधायक पर तीखा प्रहार, कहा

# नौ माह में एक भी नया कार्य नहीं विधायक साबित हो रहे हैं फेंकू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित अपने आवास पर गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि चुनाव हुए आठ माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक विधायक ने एक भी विकासात्मक योजना धरातल पर नहीं उतारी है।

शाही ने स्पष्ट कहा कि जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया, लेकिन उन्हें केवल भ्रम और दिखावा मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में स्वीकृत सड़कों और टेंडर हो चुके कार्यों को जानबूझकर रोका गया और बाद में दोबारा शिलान्यास कर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की गयी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 16 नवंबर 2023 को अरसली उत्तर टोला, कैलान, कोण मंडरा के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण का टेंडर हो चुका था और 30 सितंबर 2024 को शिलान्यास भी किया गया। कार्य भी शुरू हो चुका था, लेकिन झामुमो समर्थित लोगों द्वारा जबरन रुकवाकर अब दोबारा शिलान्यास किया गया है, इसी प्रकार भवनाथपुर-केतार मुख्य सड़क और महुआधाम मार्ग के कार्यों को भी जानबूझकर रोका गया और पुनः शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि नौडीहा, जोगियाबीर और सगमा में चार करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास तो हो चुका है, लेकिन विधायक के हस्तक्षेप से कार्य बाधित हो गया है।

शाही ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा एक्ट का उल्लंघन करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को दरकिनार किया जा रहा है। बीडीओ, बीपीओ और मनरेगा कर्मियों पर विधायक समर्थकों द्वारा तीन प्रतिशत कमीशन के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जिससे योजनाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में पलायन रोकने और छह माह में पावर प्लांट चालू कराने की बात कही गयी थी, लेकिन आज तक केवल झूठे वादे ही जनता को मिले हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भवनाथपुर क्रशर प्लांट को कटिंग कराने के लिए विधायक द्वारा ठेकेदार से चार फॉर्च्यूनर गाड़ियां ली गईं, जो भ्रष्टाचार और सांठगांठ का प्रतीक है। प्रेस वार्ता के अंत में भानु प्रताप शाही ने जनता से अपील करते हुए कहा, कि मैं पहले भी जनता के साथ था, आज भी हूं और अंतिम सांस तक रहूंगा। जनता की समस्याओं को लेकर मैं हमेशा संघर्ष करता रहूंगा। इस मौके पर संजय यादव, सोना किशोर यादव, सुनील सिंह, भानु गुप्ता, रवि पाल, अरुण गुप्ता, निरंजन पाठक, लल्लू ठाकुर आदि मौजूद थे।

## डीलरों ने विधायक अनंत को नौ सूत्री मांगपत्र सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड में बुधवार को आयोजित साइकिल वितरण समारोह के दौरान फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, प्रखंड इकाई विशुनपुरा के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को एक विस्तृत नौ सूत्री मांगपत्र सौंपा। इस मांगपत्र में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के बकाया भुगतान, तकनीकी सुधार और सामाजिक सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं। डीलरों ने विधायक को सौंपे गये पत्र में उल्लेख किया कि दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 तक केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनपीएसए योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन वितरण का कमीशन अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इसी प्रकार, राज्य सरकार की जेएफएसए योजना के ग्रीन कार्ड के तहत दिसंबर 2023 से जुलाई 2025 तक का कमीशन भी बकाया है। इसके अलावा, चना दाल और नमक के मुफ्त वितरण के लिए अप्रैल 2024 से अब तक का भुगतान नहीं हुआ है। डीलरों ने कोविड-19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत वितरित राशन का लगभग 14 माह का कमीशन भी लंबित होने की बात कही।

मांगपत्र सौंपते समय संघ के अध्यक्ष शिवबचन यादव एवं पूर्व अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि समय पर भुगतान न होने से डीलरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राशन वितरण जैसी जिम्मेदारी निभाने वाले दुकानदारों की समस्याओं को सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए।

## खाने की नली में छिद्र, परमेश्वरी मेडिकल सेंटर ने सफल ऑपरेशन कर बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** खाने की नली में छिद्र होने पर परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में डॉ निशांत एवं उसकी टीम ने ऑपरेशन कर मरीज की जान बचायी। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय अंगद राम जो भंडारिया के रहने वाले हैं, वे 10 दिनों से बुखार से पीड़ित होने के कारण गांव में ही इलाज कर रहे थे।

अंगद को मियादी बुखार होने की संभावना बतायी गयी थी। उसे गांव में ही इंजेक्शन दिये जा रहे थे, लेकिन एक दिन अचानक ही उसके पेट में बहुत ही ज्यादा दर्द हुआ, पेट फूलने लगा और गैस भी छुटना बंद हो गया। दर्द से स्थिति गंभीर होने लगी।

गंभीर अवस्था में उसे परमेश्वरी हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती किया गया। तदोपरांत डॉ निशांत ने जांच के बाद बताया कि खाने की नली में छिद्र हो गया है एवं शरीर के अन्य हिस्सों में भी इंफेक्शन हुआ है। डॉ निशांत एवं डॉ नीतू सिंह की देखरेख में इमरजेंसी ऑपरेशन किया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण मरीज को देखने के लिए उसे आईसीयू में ही रखा गया। पांच दिनों के पश्चात धीरे-धीरे मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और आज दसवें दिन अंगद बेहतर होकर घर गया।

जिले के वरिष्ठ सर्जन डॉ निशांत ने कहा कि इस तरीके के मरीज जिम खाने की नली में छिद्र हो जाते हैं। उन्हें जान बचाने के लिए इमरजेंसी में ही ऑपरेशन करने की जरूरत है।

आम जनता से यह अपील है कि अपनी छोटी-मोटी मर्ज की दवा करने के पश्चात हुए क्वालिफाइड डॉक्टर से अपने रोग के बारे में परामर्श करें, वरना 'नीम हकीम खतरे जान' वाली बात चरितार्थ होती है। आपको बताते चलें कि डॉक्टर निशांत जिले के एक मात्र लैप्रोस्कोपिक सर्जन हैं, जो इस तरह की गंभीर और बड़े ऑपरेशन करने में सक्षम है।

## मां की ममता और पेड़ की छाया दोनों अमृत तुल्य है : निदेशक

**नयी पीढ़ी को पौधरोपण के लिए किया गया प्रेरित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए वृक्षारोपण पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक शपथ ग्रहण का भी कार्यक्रम किया गया। इसके पश्चात विद्यालय निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि एक पेड़ मां के नाम न केवल एक भावनात्मक विचार है बल्कि यह प्रकृति और परिवार के बीच के रिश्ते को भी जोड़ता है। वर्तमान पीढ़ी मानती है कि जिस तरह मां हमें जीवन देती है इस तरह पेड़ भी हमारे जीवन की सांसें बचाते हैं। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि एक हरे भरे और समृद्ध भारत के भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। पेड़ जीवनदायी होते हैं और एक मां की तरह वे अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और सुखद भविष्य प्रदान करते हैं। यह अभियान न सिर्फ प्रकृति और मातृत्व की पोषण शक्ति के सम्मान का प्रतीक है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और टिकाऊ विश्व का आश्वासन भी है।

### प्रखंड रमना, रमकंडा, बरगढ़ एवं कांडी के कर्मियों पर एक साथ हुई कार्रवाई

## दोषी पंचायत सचिवों को किया गया निलंबित और प्रखंड समन्वयक कांडी किये गये कार्यमुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**उपायुक्त ने आवास योजना में अयोग्य व्यक्तियों को लाभान्वित करने पर की कार्रवाई**

**गढ़वा।** सरकारी दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं अनियमितता बरतने के विरुद्ध उपायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा प्रखंड रमना, रमकंडा, बरगढ़ एवं कांडी के कर्मियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की गयी है। बताते चलें कि मोहम्मद हुसैन अंसारी तत्कालीन पंचायत सचिव ग्राम पंचायत हरादाग कला प्रखंड रमना, संप्रति प्रखंड बिशुनपुरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत हारादाग कला के पंचायत सचिव मो० हुसैन अंसारी के द्वारा मनरेगा योजना देने के नाम पर चार लाख रुपये नजायज रूप से लेने एवं अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों को छोड़कर अयोग्य लाभुकों को आवास का लाभ देने संबंधी प्राप्त शिकायत का जांच जिला स्तर पर कराया गया। जांच प्रतिवेदन में पाये गये अनियमितता के आलोक में मो० हुसैन अंसारी, तत्कालीन पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत हारादाग कला, प्रखण्ड रमना, समप्रति प्रखंड विशुनपुरा से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई, जिसमें लिखित स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया एवं अन्य माध्यम से प्राप्त स्पष्टीकरप्प संतोषजनक नहीं पाये गयें। फलस्वरूप मो० हुसैन अंसारी, तत्कालीन पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत हरादाग कला, प्रखंड रमना, समप्रति प्रखण्ड विशुनपुरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय प्रखंड खरौंधी निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, रमना को तीन दिनों के अंदर संबंधित पंचायत सचिव के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर जिला पंचायत राज कार्यालय, गढ़वा को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया, ताकि इनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ किया जा सके।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अंतरराज्य प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मानव तस्करी, बाल मजदूरी और बाल विवाह जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर जन-जागरूकता बढ़ाने और समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा), गढ़वा एवं जन साहस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सेमिनार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा में किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना तथा प्रवासी श्रमिकों को सुरक्षित, सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में यह स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया कि पलायन की प्रक्रिया के दौरान विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे मानव तस्करी, शोषण, बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसी अमानवीय परिस्थितियों का शिकार बनते हैं।

प्रमुख वक्ताओं में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के सचिव सुश्री निभा रंजन लकड़ा , श्रम अधीक्षक संजय आनंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने विचार साझा किए और इन समस्याओं के समाधान हेतु कानूनी एवं प्रशासनिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

## मोहम्मद रफी की 45वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददता



**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में सुर सम्राट स्वर्गीय मोहम्मद रफी की 45वीं पुण्यतिथि पर संगीत कला महाविद्यालय एवं मेलोडी लवर्स के संयुक्त तत्वाधान में संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दत, संध्या सोनी, दौलत सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, ज्ञान निकेतन निदेशक मदन केशरी, बीएसकेडी स्कूल के निदेशक संजय सोनी, राम नारायण सोनी, मेलोडी लवर्स ऑर्केस्ट्रा ग्रुप के निदेशक दया शंकर गुप्ता सहित कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी, पत्रकार सियाराम शरण वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर स्वर्गीय मो,रफी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि भारतीय सिने-संगीत के अमर गायक स्वर्गीय रफी साहब की आवाज भौतिक रूप से भले ही खामोश हो गयी, लेकिन रूहानी तौर पर वो हर दिल जवां स्वर आज भी उतना ही खरा और प्रासंगिक हैं। उन्होंने महान विभूतियों की याद में उनकी पुण्यतिथि पर बृहद बेमिशाल संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम सीमित संसाधन में आयोजित करने के लिए संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी को साधुवाद दिया। अनीता दत ने कहा कि चाहे वो प्रेम गीत हो, भजन हो, नात हो या कवाली हो, शांत रस या रौद्र रस भरे गीत हो या हास्य रस से भरे गीत हो। शुद्ध शास्त्रीय गीत हो या पाश्चात्य धुनों पर आधारित गीत हो। लोकगीत हो या सितारों की ऊंचाई से स्पर्द्धा करने वाला गीत हो। रफी साहब का कोई मुकाबला नही था। संध्या सोनी ने कहा कि रफी साहब के बारे में कुछ कहना सूरज को दीपक दिखने जैसा है।

कार्यक्रम की शुरुआत गोपाल कश्यप ने तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे,पूर्णिमा कुमारी के साथ रिमझिम के गीत सावन गाये,रंजीत किशोर ने ना जा कहीं अब ना जा, मधुबन में राधिका नाचे रे, शंकर गुप्ता ने मैंने पूछा चांद से की देखा है कहीं, और पूर्णिमा कुमारी के साथ ये दिल तुम बिन कही लगता नही हम क्या करें, किशोर अंबष्ठ ने बड़े बेवफा है ए हुस्नवाले एवम पूर्णिमा कुमारी के साथ मुझे तेरी मोहबत का सहारा मिल गया होता।

**कोर्ट नोटीस**

न्यायालय, प्रधान जिला न्यायाधीश-सह-मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण, गढ़वा ।
मोटर दुर्घटना दावा (एम०भी०)
वाद सं० - 25/2024
ब्रहमदेव शर्मा (आवेदक)
निवासी ग्राम बेलहारा, थाना पाण्डु, वर्तमान् पता नगवॉ, वार्ड सं० - 8, थाना + जिला गढ़वा, राज्य - झारखण्ड ।
बनाम्
1. राजेश कुमार शर्मा पिता राम औतार शर्मा निवासी ग्राम सुभाष नगर, सिंगल कॉलोनी, नजदीक बेसिक स्कूल, छोटा गोविन्दपुर, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड। (चालक JH-05A-4532/T/23)
2. सुनिल कुमार सिंह पिता स्व० बिन्देश्वर सिंह, Authorized Executive By Tata Motors Ltd Company for Tata New Chassis bearing Tempo Reg-No- JH-05A-4532/T/23 निवासी साक्ची, हाउस सं० - 20, दरी रोड साक्ची, बिस्टुपुर, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम ।
इस नोटिश के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रहमदेव शर्मा ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 166 के अन्तर्गत, मोटर दुर्घटना दावा (एम०भी०) वाद सं० - 25/2024 दायर किया है जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित चला आ रहा है। वाद में सुनवाई हेतु अगली तिथि दिनांक 22/08/2025 निर्धारित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/08/2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी। इसे सख्त ताकीद जानें। आज दिनांक - 28/07/2025 को मेरे मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: एम-41-आरटीटी-आरएनसी-61, दिनांक 29.07.2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम:** तीन वर्ष की अवधि के लिए वाशिंग लाइन/हटिया, हटिया स्टेशन और राँची स्टेशन में राउंड ट्रिप ट्रेनों की अंदरूनी सफाई, कोचों की वाटरिंग और लॉकिंग/अनलॉकिंग तथा कोचिंग डिपो/हटिया में डिपो परिसर की यंत्रचालित सफाई के साथ राँची स्टेशन पर ट्रेन नं. 22350/49 में मिरेकल क्लीनिंग एवं सीटीएस पर ध्यान देना। **कार्य का अनुमानित मूल्य (जीएसटी सहित):** रु. 21,08,25,308.71, **बयाना राशि :** रु. 12,04,100/-, **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 22.08.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (PR-462)

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.ST-OT-TELE-ZONAL- JJKR-483, दिनांक : 24.07.2025

**कार्य का नाम :** 01 वर्ष के लिए पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर टेलीकॉम/जाजपुर केन्दुझर रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सेक्शन में टेलीकॉम जोनल (Zonal) कार्य, बशर्ते कि ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रु.5,00,000/- या उससे कम होनी चाहिए।

**निविदा मूल्य (रुपये में) :** 49,69,490.03, EMD (रुपये में) : 99,400/-।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 04.08.2025, **निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 18.08.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं टेलीकॉम)/ खोरधा रोड
PR-418/Q/25-26

# फिर फंसा पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मॉनिटरिंग रिपोर्ट में पहलगाम हमले में आतंकी संगठन 'The 'The Resistance Front' (TRF) की भूमिका का जिक्र होने के बाद अब पाकिस्तान के लिए बचने का कोई रास्ता नहीं रह गया है। उसका यह झूठ दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है कि भारत में हुए आतंकवादी हमले से उसका नाता नहीं। यह भारत के लगातार किए गए कूटनीतिक प्रयासों की जीत है।

**एलइटी का सपोर्ट :** मॉनिटरिंग टीम ने रिपोर्ट में लिखा है कि टीआरएफ ने दो बार हमले की जिम्मेदारी ली और यह अटैक पाकिस्तान की जमीन से संचालित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन के बिना संभव नहीं था। टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एफएटीएफ ने भी कुछ दिनों पहले कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला आर्थिक मदद के बिना नहीं हो सकता। पाकिस्तान के लिए दो-दो ग्लोबल एजेंसियों की फाइंडिंग को झुठलाना आसान नहीं होगा।

**भारत का लगातार प्रयास :** यह रिपोर्ट इतनी अहम इसलिए है, क्योंकि इसके पीछे भारत ने बहुत मेहनत की है। यूएनएसइ को टीआरएफ के बारे में लगातार जानकारी मुहैया कराई गयी - लश्कर के साथ जुड़ाव के सबूत सौंपे गए। पिछले साल मई में विदेश मंत्रालय की अगुआई में एक डेलिगेशन ने न्यू यॉर्क में यूएन अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए थे।

> **मॉनिटरिंग टीम ने रिपोर्ट में लिखा है कि टीआरएफ ने दो बार हमले की जिम्मेदारी ली और यह अटैक पाकिस्तान की जमीन से संचालित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन के बिना संभव नहीं था।**

**काम न आया चीन :** पाकिस्तान ने हर सबूत को झुठलाने की कोशिश की और इसमें उसे चीन का भरपूर साथ मिला। इस बार भी उसे भरोसा था कि यूएनएसइ में चीन बचा लेगा। पिछले दिनों पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने अपने यहां की संसद में दावा किया था कि उन्होंने यूएनएसइ के प्रेस स्टेटमेंट से टीआरएफ का नाम हटवा दिया है। हालांकि इस बार चीन पाकिस्तान का गठजोड़ नाकाम हो गया।

**प्रॉक्सी वॉर:** यह हार पाकिस्तान के प्रॉक्सी वॉर की भी है। लश्कर-ए-तैयबा घोषित अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन है। इस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ने के बाद पाकिस्ताननेे 2019 में टीआरएफ को खड़ा किया था। एलइटी के लड़ाकों और हथियारों का इस्तेमाल कर टीआरएफ आतंक फैलाने में लगा हुआ था। लेकिन, इस बार दुनिया ने उसकी प्रॉक्सी टैक्टिक्स को पहचान लिया।

**जवाब देना होगा :** मॉनिटरिंग रिपोर्ट को सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य आम सहमति से अपनाते हैं यानी पाकिस्तान अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता। पिछले कुछ अरसे से कूटनीतिक मोर्चे पर वह घिरता जा रहा है। पहले क्यूयूएडी के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र आया और फिर अमेरिका ने टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया। भारत के लिए यह बिल्कुल सही समय है, जब वह आतंकवाद के प्रायोजक अपने इस पड़ोसी पर शिकंजा और कस सकता है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**माधव ने जोर देकर कहा कि भारतीय निजी क्षेत्र को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अग्रणी तकनीकों में नेतृत्व करना होगा और अनुसंधान और विकास में भी मदद करनी होगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी क्षमताएं कल के विजेताओं को तय करने में बड़ी भूमिका निभायेंगी, न कि सिर्फ वित्तीय संसाधनों से, जैसा पहले होता था। भाजपा नेता ने कहा, अगर हम आवश्यक क्षमताओं का विकास नहीं कर पाये, तो हम टैरिफ और प्रतिबंधों जैसी कमजोरियों का सामना करेंगे।**

# हमारे सामने विकास की चुनौती, भाषा का अभिमान करने से बचें

**निर्मल कांत**

भाजपा नेता राम माधव ने विकास की चुनौतियों के समय भाषा अभिमान से बचने और हर स्थानीय भाषा का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी विवाद के बीच हिंसा से बचने और संयम रखने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने तकनीकी नेतृत्व और आर्थिक मजबूती पर भी जोर देते हुए भारत को विश्व गुरु बनने के लिए मजबूत और एकजुट होने को कहा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राम माधव ने विकास के लिए चुनौतियों से निपटने के लिए भाषा के अभिमान से बचने का सुझाव दिया। इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव ने कहा कि हर स्थानीय भाषा का सम्मान करने की जरूरत है, लेकिन इस भावुक मुद्दे पर हिंसा से बचना और उसे प्रोत्साहित न करना जरूरी है। माधव का यह बयान महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी भाषा विवाद के बीच आया है।

माधव ने मुंबई के सबसे बड़े शेयर बाजार एनएसई में अपनी किताब 'द न्यू वर्ल्ड' पर चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, हमे भाषा के अभिमान की ओर नहीं जाना चाहिए, क्योंकि हमारे सामने विकास के लिए चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को हर राज्य की स्थानीय भाषा का सम्मान करना चाहिए। साथ ही किसी भी भाषा का विरोध नहीं करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर हिंदी या अंग्रेजी को जोड़ने वाली भाषाओं के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, तो उसका भी विरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, महाराष्ट्र एक औद्योगिकी और वित्तीय ताकत है और उसे भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना है।

> **अप्रैल में महाराष्ट्र सरकार ने आदेश दिया था कि पहली से पांचवीं कक्षा तक हिंदी पढ़ाना अनिवार्य होगा।**

माधव ने कहा कि ऐसे भावुक मुद्दों में भी संयम दिखाया जाना चाहिए।



महाराष्ट्र में छिड़े भाषा विवाद पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाषाई नफरत से राज्य को नुकसान होगा। साथ ही उद्योग और निवेश पर भी असर पड़ेगा। इससे दूर रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर एक कॉफी टेबल बुक के विमोचन के अवसर पर राधाकृष्णन ने पूछा कि यदि आप आयें और मुझे पीटें, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात कर सकता हूं? अगर इस तरह की नफरत फैलायी गयी, तो राज्य में कोई उद्योग और निवेश नहीं आयेगा।

उन्होंने कहा, अगर आप महाराष्ट्र में रहते हैं, तो आपको मराठी का सम्मान करना होगा और इसे सीखने का प्रयास भी करना होगा। भाजपा ने स्पष्ट कहा, किसी भी तरह की हिंसा नहीं होनी चाहिए और न ही उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

बिहार चुनावों और राज्य में जारी मतदाता सूची समीक्षा को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भाजपा और चुनाव आयोग पर टिप्पणियों के जवाब में माधव ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को हर हार के लिए भाजपा और चुनाव आयोग को दोष देना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपनी पार्टी के निर्माण पर फोकस करना चाहिए।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस जीतती है तो वह चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल क्यों नहीं उठाती।

माधव ने जोर देकर कहा कि भारतीय निजी क्षेत्र को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अग्रणी तकनीकों में नेतृत्व करना होगा और अनुसंधान और विकास में भी मदद करनी होगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी क्षमताएं कल के विजेताओं को तय करने में बड़ी भूमिका निभायेंगी, न कि सिर्फ वित्तीय संसाधनों से, जैसा पहले होता था। भाजपा नेता ने कहा, अगर हम आवश्यक क्षमताओं का विकास नहीं कर पाए तो हम टैरिफ और प्रतिबंधों जैसी कमजोरियों का सामना करेंगे। उन्होंने बताया कि अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर कुछ टैरिफ लगाने की कोशिश कर रहा है और वाणिज्य मंत्रालय इसके लिए बातचीत कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ बहुत जल्द व्यापार समझौता हो जाएगा। विश्व गुरु बनने का खिताब हम खुद को न दें, बल्कि तब हासिल करें ,जब अन्य कंपनियां भारत को उच्च सम्मान के साथ देखें। भारत को सामाजिक रूप से मजबूत और एकजुट होना होगा, दस ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी अर्थव्यवस्था बननी होगी और आंतरिक व बाहरी सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से सुरक्षित देश बनना होगा, तभी वह खिताब मिल सकेगा।

**भाषा विवाद पर राज्यपाल राधाकृष्णन ने जताई चिंता**

महाराष्ट्र में छिड़े भाषा विवाद पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाषाई नफरत से राज्य को नुकसान होगा। साथ ही उद्योग और निवेश पर भी असर पड़ेगा। इससे दूर रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर एक कॉफी टेबल बुक के विमोचन के अवसर पर राधाकृष्णन ने पूछा कि यदि आप आएं और मुझे पीटें, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात कर सकता हूं? अगर इस तरह की नफरत फैलायी गयी, तो राज्य में कोई उद्योग और निवेश नहीं आयेगा। लंबे समय में हम राज्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जब वह तमिलनाडु में सांसद थे तो उन्होंने एक समूह को दूसरे समूह की पिटाई करते देखा क्योंकि वे तमिल में बात नहीं कर रहे थे। मैं हिंदी नहीं समझ पाता और यह मेरे लिए एक बाधा है। हमें अधिक से अधिक भाषाएं सीखनी चाहिए और हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व भी होना चाहिए। राज्यपाल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि राज्य में कोई भाषाई द्वेष नहीं है और राजनीतिक टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं है।

**क्या है महाराष्ट्र में भाषा विवाद**

अप्रैल में महाराष्ट्र सरकार ने आदेश दिया था कि पहली से पांचवीं कक्षा तक हिंदी पढ़ाना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद प्र-मराठी संगठनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। साथ ही सरकार पर इस नीति के तहत जबरदस्ती हिंदी थोपने का आरोप लगाया। हालांकि बाद में सरकार ने आदेश में बदलाव करते हुए कहा कि हिंदी तीसरी भाषा होगी, लेकिन छात्र तभी दूसरी भाषा चुन सकते हैं जब 20 से ज्यादा बच्चे एक साथ आवेदन दें, जो शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, असंभव है।

इसके बाद मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने गैर-मराठी लोगों पर हमले किये। मुंबई में एक दुकानदार को मारा, क्योंकि उसने मराठी नहीं बोली और राज ठाकरे की आलोचना की। इसी तरह का एक मामला पुणे में भी हुआ, जहां एक व्यक्ति को पीटा गया।

## कोल्हान की खबरें

### परसुडीह दुष्कर्म मामले में पीड़ित परिवार के साथ डीसी से मिले भाजपा नेता



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। परसुडीह में बीते दिनों 5 वर्षीय बच्ची से हुई दुष्कर्म के मामले में पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियों को लेकर भाजपा ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मुलाकात कर परिवार की सुरक्षा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया वार्ड पार्षद मोनिका हेंब्रम समझौते का दबाव बना रही हैं। भाजपा ने चेताया पीड़िता को न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। डीसी ने परिवार को सुरक्षा और कानूनी संरक्षण देने का आश्वासन दिया।

### टीएमएच में इलाजरत मरीज की मदद को आगे आये विधायक संजीव सरदार




जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पोटका के गौड़ग्राम निवासी लब मार्डी का इलाज टीएमएच में चल रहा था। छुट्टी के दौरान बकाया 1.11 लाख चुकाना परिजनों के लिए असंभव रहा। परिजनों ने स्थानीय विधायक से गुहार लगायी। पोटका विधायक संजीव सरदार ने सूचना मिलने पर टीएमएच प्रबंधन से वार्ता कर बकाया राशि माफ करवाया और मरीज को छुट्टी मिला। विधायक की इस पहल से परिजनों ने विधायक संजीव सरदार और टीएमएच प्रबंधन के प्रति आभार जताया।

### सदर अस्पताल से अंचल कार्यालय तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश हुआ जारी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर अनुमंडल अंतर्गत खासमहल चौक से सदर अस्पताल होते हुए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय तक सड़क के किनारे अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई 4 अगस्त को की जायेगी। अंचल अधिकारी जमशेदपुर ने सार्वजनिक सूचना जारी कर दी। गुरुवार को सभी जगह नोटिस लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उक्त मार्ग पर अस्थायी संरचना बना कर किये गये अतिक्रमण को हटाने की तिथि 4 अगस्त को तय की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया सभी अतिक्रमणकर्ता 2 अगस्त की शाम 5 बजे तक स्वयं अपने अतिक्रमण को हटा लें। अन्यथा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी। अंचल कार्यालय की ओर से यह नोटिस 30 जुलाई को कार्यालयीय हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ जारी किया गया। प्रशासन ने आमजनो से सहयोग की अपील करते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण हटाने की अपील की, ताकि बलपूर्वक कार्रवाई की आवश्यकता नहीं पड़े।

## पटमदा मॉडल स्कूल में छात्राओं को मिला 500 बार उठक-बैठक का दंड

### 160 में ही बिगड़ी हालत, अभिभावकों में आक्रोश

**प्रधान शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बांगुड़दा में छात्राओं को शारीरिक दंड देने का मामला के बाद अब पटमदा मॉडल स्कूल से एक और अमानवीय व्यवहार का मामला प्रकास में आया है। मॉडल स्कूल सातवीं कक्षा की चार छात्राओं को बिना गलती के 500 बार कान पकड़कर उठक-बैठक करने की सजा सुनायी गयी।

पीड़ित छात्राओं में कल्पना दास, रासी दास, पल्लवी प्रमाणिक (सभी लावा निवासी) और नमिता बेसरा (तिलाबनी निवासी) शामिल हैं। वही 160 बार उठक-बैठक करते ही एक छात्रा की हालत बिगड़ गयी। छात्राओं ने बताया प्रधान शिक्षिका स्नेहलता कुमारी ने किसी गलती के बिना ही उन्हें यह कठोर दंड दी। आठवीं



कक्षा की दो छात्राओं अर्पिता महतो और वर्षा महतो को गिनती करने के लिए नियुक्त किया गया था।160 बार उठक-बैठक के बाद ही कल्पना दास की सांस फूलने लगी, जिसके बाद सभी छात्राएं कक्षा में लौट गयीं। बुधवार को स्कूल से घर लौटने के बाद चारों बच्चियां बदन दर्द और थकान के कारण चुपचाप सो गयीं। गुरुवार की सुबह देर तक सोने और स्कूल न जाने की जिद पर जब अभिभावकों ने पूछताछ की तब पूरी घटना का खुलासा हुआ। इस मामले पर जब लावा निवासी अभिभावक नित्यानंद दास, विजय कृष्ण प्रमाणिक और समीर तंतुबाई ने प्रधान शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा तो पहले उन्होंने इनकार किया, फिर बाद में गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा न होने का आश्वासन दिया, लेकिन बच्चियों के अनुसार विद्यालय में दुबारा उन्हें प्रताड़ित किया गया।

प्रधान शिक्षिका ने कथित रूप से अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने पर अभिभावकों ने नाराजगी जतायी। उन्होंने अमानवीय व्यवहार के विरोध में चारों बच्चियों को लेकर माचा स्थित सीएचसी अस्पताल में इलाज कराया और विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू से शिकायत की।

विधायक प्रतिनिधि खुद अस्पताल पहुंचे और बच्चियों से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने दूरभाष पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार से संपर्क कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया और उचित कार्रवाई की मांग की। बीइओ ने जांच का आश्वासन दिया।

उधर इस घटना को लेकर अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा गया। उन्होंने प्रधान शिक्षिका को हटाने की मांग की, ताकि स्कूल का माहौल सुधरे और बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना से छुटकारा मिल सके। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि शुक्रवार को जिलाधिकारी, सांसद, विधायक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित शिकायत दी जायेगी।

## शहीद उधम सिंह का बलिदान देशप्रेम का प्रतीक: अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि पर हर नमन परिवार ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन के माध्यम से उनके बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। 'नमन' के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि शहीद उधम सिंह का बलिदान केवल एक प्रतिशोध नहीं, बल्कि आजादी के संकल्प का प्रतीक था। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देशप्रेम केवल भावना नहीं, बल्कि कर्म और त्याग की पराकाष्ठा है। नमन परिवार सदैव



ऐसे क्रांतिकारियों की स्मृति को जीवित रखने हेतु प्रतिबद्ध है।

मुख्य अतिथि इंटक नेता बिजय खां ने कहा शहीद उधम सिंह भारत माता की स्वतंत्रता के लिए जलती उस मशाल का नाम हैं, जिसने लाखों दिलों में आजादी की लौ जलायी। विशिष्ट अतिथि जूस्को एलटीडी के कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि उधम सिंह का बलिदान प्रतिशोध नहीं था, बल्कि राष्ट्र के लिए जीने और मरने की चेतना थी। मौके पर बृजभूषण सिंह, जयप्रकाश राय, वरुण कुमार, बलविंदर सिंह, नीलू मछुआ, नीरू सिंह, रामकेवल मिश्रा, सरदार सूरजीत सिंह छित्ते, शशीबीर राणा ने शहीद उधम सिंह के जीवन संघर्ष, एवं उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कुलविंदर सिंह पन्नू, पूर्व ट्रेजरर लाफार्ज युनीयन राजदीप सिंह, इंद्रपाल सिंह, खजान सिंह, योगेश शर्मा, जितेंद्र चावला, जयंती रमन, राघवेंद्र शर्मा, के एन सिंह, पीएन पांडे, अखिलेश पांडेय, महेंद्र सिंह, बिट्टू तिवारी, सुखविंदर सिंह, राजू मारवाह, सुधीर सिंह, सतिंदर सिंह रोमी, विनोद झा, मनोज मिश्रा, राजपति, लख्खी कौर, रितिका श्रीवास्तव, महालक्ष्मी, सावित्री, रिंकू दुबे आदि मौजूद थे।

### सरायकेला पहुंचे कोल्हान डीआइजी, समीक्षा बैठक में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश



सरायकेला (आजाद सिपाही)। कोल्हान डीआइजी अनुरंजन केस्टोपा गुरुवार को सरायकेला पहुंचे। एसडीपीओ कार्यालय परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने जिला स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में एसपी मुकेश लुनायत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित जिले के सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। डीआइजी ने हालिया आपराधिक घटनाओं की गहन समीक्षा कर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को रोकने की पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर भी चर्चा की।

### महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त, संचालक फरार 50 किलो जावा महुआ किया गया नष्ट



चांडिल (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले में नीमडीह थाना क्षेत्र के मुरु गांव में नदी किनारे संचालित एक अवैध महुआ शराब भट्टी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया।गुरुवार को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान में कार्रवाई के दौरान लगभग 50 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर नष्ट किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस की पहुंचते ही संचालक मौके से फरार हो गये।

### दूरसंचार विभाग के सीटीओ कार्यालय बिष्टुपुर में सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गयी विदाई



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। दूरसंचार विभाग सीटीओ कार्यालय बिष्टुपुर में कार्यरत जूनियर इंजीनियर जितेंद्र कुमार सिंह और टेलीफोन तकनीशियन नरेश प्रसाद पाल के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को कार्यालय में विदाई समारोह में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके सेवाकाल को यादगार बताया। मौके पर दूरसंचार विभाग के एजीएम विकास झा, एजीएम आरके सिंह, एसडीइ लोकेश शर्मा, एसडीइ राजीव राय (टेल्को), शेखर प्रसाद (जेटीओ), हरिशंकर प्रसाद (जेटीओ), केके महतो (जेटीओ बिष्टुपुर), एसपी श्रीवास्तव, प्रदीप रजक, दिनेश प्रसाद पाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, मेरेलाल शर्मा, आरपी रमन, राजेश पात्रों, कली पदों गोप, नीम बांद्रा, शशि देवी, सावित्री देवी, रीता मुखी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके लंबे सेवाकाल की उपलब्धियों को साझा करते हुए स्मृति-चिह्न भेंट की।

### नीति आयोग के संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को किया गया सम्मानित

# समाज के समग्र विकास में किया जा रहा कार्य रूकना नहीं चाहिए : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/मेदिनीनगर/पलामू।** जिले में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत बेहतर कार्य करने वाले प्रखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारियों-कर्मियों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में एक समारोह आयोजित हुआ, जिसमें जुलाई से सितंबर 2024 तक संचालित किए गए संपूर्णता अभियान के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू डीसी समीरा एस, डीडीसी जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार आदि ने किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करती डीसी समीरा एस एवं अन्य गणमान्य लोग।

इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों से संबंधित स्क्रीन पर वीडियो दिखाया गया।

## विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को किया गया सम्मानित

समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, आजीविका और कौशल विकास जैसे कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, बीडीओ हरिहरगंज, बीडीओ छत्तरपुर, बीडीओ तरहसी समेत मनरेगा एवं आवास कोऑर्डिनेटर, शिक्षा विभाग के कई बीआरपी, सीआरपी, कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम सहित अन्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीडीसी जावेद हुसैन ने कहा कि जुलाई से सितंबर 2024 तक जिले में नीति आयोग के निर्देशानुसार संपूर्णता अभियान का क्रियान्वयन किया गया था। जिसके तहत शिक्षा स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, आजीविका और कौशल विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लक्ष्य आधारित कार्य किए गए थे। उन क्षेत्रों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति कर भारत सरकार और नीति आयोग के सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की। यह हमारे लिये गर्व का विषय है। इसी निमित आज इस कार्यक्रम के जरिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के प्रति प्रतिबद्ध सेवा भाव को मान्यता देने का एक विनम्र प्रयास किया जा रहा है। वहीं, डीसी समीरा एस ने कहा कि समाज के समग्र विकास में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना सुखद अहसास कराता है। कहा कि इस तरह का कार्य रुकना नहीं चाहिये। कहा कि पलामू एक आकांक्षी जिला एवं हरिहरगंज आकांक्षी प्रखंड है जहां सूचकांकों पर कार्य किया जाता है। उन्होंने सभी से इसी तरह विकास की गति को बनाये रखने की अपील की। इस मौके पर एएसपी, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडे, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि धनंजय पासवान आदि उपस्थित रहे।

# देवघर के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : डॉ सुनील खवाड़े

**तीन दिवसीय स्वर्गीय वर्धन खवाड़े मेमोरियल जिला स्तरीय चेस टूर्नामेंट आज से, रिकॉर्ड 300 खिलाड़ी लेंगें भाग**



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय स्वर्गीय वर्धन खवाड़े मेमोरियल चेस टूर्नामेंट का आगाज शुक्रवार से देवघर के महेशमारा स्थित स्पर्श वाटिका में होने जा रहा है, जो तीन अगस्त तक चलेगा। इसे तीन वर्गों सीनियर, अंडर 14 और अंडर 11 में विभाजित किया गया है। जिसमें करीब 300 पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलाने के लिए अंतराष्ट्रीय ऑर्बिटर अभिनव मिंज सहित कुमार सौरव राष्ट्रीय स्तर के ऑर्बिटर और जिला के 6 ऑर्बिटर रहेंगे। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान 3100, दूसरा स्थान 2500, तीसरे स्थान वाले को 2100 और चौथे स्थान वाले को 1500 रुपये नकद दिये जायेंगें। वहीं, 6 से 10 को मेडल और उपहार दिया जाएगा। जबकि अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान 2500, दूसरा स्थान 2100, तीसरा को 1500 चौथा को 1100 रुपये के अलावा 6 से 10 को मेडल और उपहार दिया जाएगा। जबकि अंडर 11 वर्ग में प्रथम स्थान 2100, दूसरा स्थान 1500, तीसरा को 1100 और चौथा स्थान वाले को 500 रुपये के अलावा 6 से 10 को मेडल और उपहार दिया जाएगा। इ दौरान पुरुष खिलाड़ियों के लिए भगवान बिरसा मुंडा अवार्ड और महिला खिलाड़ियों के लिए फूलों झानू अवार्ड दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह सुबह 10 बजे होगा। वहीं, तीन अगस्त को पुरस्कर वितरण होगा। इस अवसर पर सुनील खवाड़े ने कहा कि यह रिकॉर्ड नामांकन दर्शाता है कि देवघर में खेल के प्रति गजब की सुनामी आ गयी है। प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित प्लेटफॉर्म तक लेकर लाने के लिए हमारी पूरी टीम रात-दिन प्रयासरत है। वहीं, जिला सचिव आशीष झा ने बताया की चेस के क्षेत्र में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है। उम्मीद है कि आने वाले समय में चेस के क्षेत्र में देवघर का दबदबा रहेगा। इस मौके पर चेस संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े, सचिव आशीष झा, कोऑर्डिनेटर नवीन शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रामेश्वर चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष प्रणव शंकर, उपाध्यक्ष सुरेश शाह, हेमंत चंद्र दत्ता, शैलेश राय, शंकर लाल झा, संयुक्त सचिव धीकांत भूषण, आशुतोष सिंह, अनंत कुमार कुंजिलवार, सौरभ सिंह के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अंग्रेज दास, रौनक कुमार सिंह, पवन शाह, सुरेश नाथ नरोने, अमृतांशु शर्मा, वरुण कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार, मनोज पांडे, दीपक दुबे, प्रकाश भारद्वाज और शुचिव्रता पाणिग्रही आदि उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गढ़वा रोड जंक्शन एवं तोलरा स्टेशन के बीच गुरहा कला गांव के पास गुरुवार की सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान गुरहा कला गांव निवासी तेजू राम के नाती राहुल कुमार (20) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राहुल कान में हेड फोन लगाकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी उसी ट्रैक से एक मालगाड़ी गुजर रही थी, जिसके चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही राजकीय रेल पुलिस और रेहला थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। उधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## विवाद में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के दर्जी मोहल्ला की 19 वर्षीय युवती ने पारिवारिक विवाद में गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान रेशमी खातून के रूप में हुई है। वह सामाजिक कार्यकर्ता मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी की पुत्री है। जानकारी के अनुसार रेशमा खातून का अपनी भाभी से किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। अचेतावस्था में परिजन उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये,जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन आनन फानन में उसका शव घर ले गये और कब्रिस्तान में दफनाने की तैयारी करने लगे। इसी बीच विश्रामपुर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## करंट लगने से अधेड़ की मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान अमरनाथ विश्वकर्मा (59) के रूप में हुई है। वह गौरा गांव का रहने वाला था। घटना गुरुवार की सुबह 10 बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार अमरनाथ विश्वकर्मा नहाने के लिये मोटर का तार पोल पर चढ़ा रहे थे। तभी वे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गये। गंभीर हालत में परिजन उन्हें विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले कर आये, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी विश्रामपुर पुलिस को दी। पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया। थानाप्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## हरिहरगंज एवं पीपरा प्रखंड में लो वोल्टेज और बिजली कटौती से लोग हुए परेशान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज और पीपरा प्रखंडों में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। इन दोनों क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। बार-बार बिजली गुल होने और वोल्टेज कम होने के कारण लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हरिहरगंज हुसैनाबाद विस के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी डॉ अमरजीत यादव और सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार सिंह ने इस समस्या के समाधान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बिजली विभाग की उदासीनता को प्रमुख कारण बताया है। कहा कि लंबे समय से बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए कई बार सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन किया गया, लेकिन लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती की समस्या से निजात नहीं मिली। उन्होंने कहा कि किसानों को अपने खेतों में सिंचाई के लिए बिजली की जरूरत होती है। लेकिन लगातार बिजली की कमी से उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। वहीं, घरेलू उपयोगकर्ताओं को भी इस स्थिति से जूझना पड़ रहा है। खासकर उमस भरी गर्मी के मौसम में जब बिजली की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। इसके अलावा, लो वोल्टेज के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं। जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि बिजली विभाग को इस गंभीर समस्या का समाधान शीघ्र करना चाहिए और विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए जनप्रतिनिधियों को भी इस मुद्दे पर सख्त कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सुधार नहीं हुआ तो बिजली सब स्टेशन में ताला बंद करते हुए पूरी जनता सड़क पर उतरेगी।

# जागरूकता से ही होगा फाइलेरिया का पूर्ण उन्मूलन : ओम प्रकाश गुप्ता

**फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर एसडीओ ने की बैठक**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति के साथ बैठक हुई। जिसमें 10 से 25 अगस्त तक संचालित होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीडीओ को अपने-अपने प्रखंडों में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक कर जानकारी देने का निर्देश दिया। सभी मुखिया ग्राम सभा के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एसडीओ ने सभी विभागों, निजी अस्पताल के संचालकों, नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर ,सभी स्टेक होल्डरों का भी सहयोग लेने की बात कही। कार्यक्रम को लेकर स्कूली बच्चों के माध्यम से प्रभात फेरी व गांव में रात्रि चौपाल के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। ताकि लोग शत प्रतिशत फाइलेरिया की दवा का सेवन कर सकें। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मीडिया से भी सहयोग का आग्रह किया है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेम मणि सुधांशु, प्रखंड डाटा प्रबंधक रणजीत कुमार मेहता, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार,अनिल कुमार गुप्ता, पीरामल फाउंडेशन के धीरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# जीएलए कॉलेज के विभागाध्यक्ष ने किया एके सिंह कॉलेज के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर की समस्त विषयों की परीक्षा जपला एके सिंह कॉलेज में विगत 18 जुलाई से संचालित हो रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर से परीक्षा में निरीक्षण के लिए जीएलए कालेज के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ रविशंकर कुमार परीक्षा कक्ष त्एवं कालेज प्रांगण का निरीक्षण किया। जिसमें परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त पाया। बतातें चलें कि एके सिंह कालेज में एके सिंह कॉलेज एवं हुसैनाबाद डिग्री कॉलेज का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 600 और द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल 239 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस मौके पर एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ आनंद कुमार, एसीएस प्रो डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार सिंह, प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार, प्रो डॉ चंदन कुमार सिंह, प्रो सुनील कुमार सिंह, प्रो सुदीप कुमार, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो डॉ अजय कुमार सिंह, प्रो डॉक्टर उपेंद्र कुमार सिंह और प्रो अयूब के अलावा प्रो सुधीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# ननि के दुकानदारों को परेशान किया गया, तो जाऊंगी हाइकोर्ट : अरुणा

## कहा- अभी भी समय है, निगम खराब सड़कों का रखरखाव करे

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नगर निगम (ननि) की ओर से आवंटित दुकानों का किराया 15 रुपया स्क्वायर फीट बढ़ाने का संकेत देने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि ना मेरे कार्यकाल में कोई किराया बढ़ाया गया था और ना ही आगे बढ़ाने दिया जाएगा, क्योंकि मुख्य बाजार के किराया के लिए जो लड़ाई हाईकोर्ट में श्रवण गुप्ता, विनोद अग्रवाल, गौरी आदि ने लड़ी थी उसमें हाईकोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया था कि निगम के दुकानों का किराया नगर विकास के सचिव सभी किराएदारों के साथ बैठकर एक राशि तय करें। पर अभी तक हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया है। जबकि उस समय व्यवसाईयों ने दो रुपए किराया करने की मांग उच्च न्यायालय में रखी थी, जबकि चार रुपए किराया अभी तक लोग जबरन देते आ रहे हैं। अब अगर इसके बाद भी मुख्य चौधराना बाजार से ज्यादा किराए की अपेक्षा निगम करता है तो इस बार मैं खुद हाई कोर्ट जाऊंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि निगम की दुकानों को लेकर मुझे जहां तक मालूम है आज तक निगम की ओर से सभी किराएदारों से केवल किराया ही लिया जाता है। पर कोई रखरखाव उन दुकानों का नहीं किया जाता है। व्यवसायी खुद निगम की संपत्ति का रखरखाव करते हैं, जो निगम का दायित्व है। अगर निगम किराया बढ़ाना चाहती है तो अपने निर्मित दुकानों का तो पहले रखरखाव करें। मैं निगम से अनुरोध करूंगी कि हमारे शहर के व्यवसाईयों को निगम परेशान ना करें अन्यथा मैं खुद व्यवसाईयों के साथ हाईकोर्ट की शरण में जाऊंगी। उन्होंने निगम को नसीहत दी है कि शहर के सभी मार्ग जो भारी बारिश के कारण बर्बाद हो गए हैं दो वर्षों से रखरखाव बिल्कुल बंद है पहले उसका रखरखाव करें। नालियों की सफाई कराए, ताकि हमारा निगम शुव्यवस्थित हो सके। कहा कि शहर में दो तरह की दुकान निगम ने सेटलमेंट की है। एक चौधरान बाजार की दुकानें हैं।

## देवघर में लगातार बारिश से बढ़ा धड़वा नदी का जलस्तर



**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवघर में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश का असर अब स्थानीय नदियों पर भी साफ दिखने लगा है। धड़वा नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में भय और चिंता साफ दिख रही है। बारिश रुक-रुक कर जारी है, और उसका सीधा असर नदी के प्रवाह पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी में पानी का बहाव पहले की तुलना में तेज हो गया है। नदी का पाट धीरे-धीरे भरने लगा है। फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन लोग सतर्कता बरतते हुए नदी के किनारे जाने से परहेज कर रहे हैं। देवघर और आसपास के इलाकों में मानसून इस बार सक्रिय दिखाई दे रहा है। खेतों और तालाबों में भी पानी भरने लगा है, जिससे किसानों के चेहरे पर राहत की झलक दिख रही है। वहीं, नदियों का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में भी थोड़ी-बहुत चिंता देखने को मिल रही है, हालांकि अभी किसी प्रकार की कोई आपात स्थिति नहीं है।

## एसटीडी डिग्री कॉलेज में मनायी गयी संत तुलसीदास की जयंती




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में संत तुलसीदास की 528वीं जयंती मनायी गयी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत संत गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे और संचालन प्रो राकेश कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास अवधि के साथ ही ब्रजभाषा में भी कई रचनाएं लिखे हैं। गोस्वामी तुलसीदास एक महान संत थे। उन्होंने मानस में विराट को देखा है। शक्ति का आकलन भी किया है। वहीं, हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने कहा कि तुलसीदास ने रामचरितमानस लिखकर सरल भाषा में राम के आदर्शों को घर-घर पहुंचाने का काम किया। इस मौके पर रंजन दुबे, डॉ सुनील यादव, टीपी तिवारी, अजय ओझा, ज्योति कुमारी, संतोष शुक्ला, शबनम निशा, आशा कुमारी, डॉ कुमारी संगीता, वृंदा कुमारी, चंद्र प्रकाश चौबे, प्रधान सहायक अमित कुमार, जितेंद्र पाठक, आशीष पांडेय, दिलीप चौबे, सुनील कुमार, रामेश्वर राम, गुंजन पासवान, सुधीर यादव, विनय कुमार, दिनेश साहू, संगीता कुमारी, गुंजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अमृता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, शोभा कुमारी आदि मौजूद थे।

## शिक्षा बचाओ अभियान की सफलता को लेकर 'आप' की बैठक

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) बोकारो जिला की बैठक हुई। इसमें राष्ट्र व्यापी शिक्षा बचाओ अभियान को सफल बनाने की रणनीति बनायी गयी। साथ ही सात अगस्त को जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। सक्रिय कार्यकर्ताओं ने बोकारो के वरीय नेता विधान चंद्र राय को बोकारो-धनबाद-गिरिडीह का जोनल पर्यवेक्षक बनाए जाने पर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आप झारखंड के कार्यकर्ता एक अगस्त से सात अगस्त तक पूरे राज्य के बदहाल सरकारी स्कूलों का जायजा लेंगे और बुनियादी सुविधाओं की कमियां उजागर करेंगे। इसकी जानकारी झारखंड आप के नवनियुक्त प्रभारी शिव चरण गोयल और सह प्रभारी सुशील सिंह ने दी।

## मारवाड़ी महिला समिति की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के कुंडो बांग्ला रोड स्थित अग्रसेन भवन में मारवाड़ी महिला समिति की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के आंखों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई। इसका उद्देश्य उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना था जो महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी दिया जाएगा। शिविर में सैकड़ों लोग अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे। समिति की सदस्यों ने पूरे आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की। कि इस तरह के शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत सहायक साबित होते हैं। समिति की ओर से भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया गया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

**बाघमारा (आजाद सिपाही)। पंसस** एवं विधायक प्रतिनिधि अजय दास ने बाघमारा विधायक शत्रुधन महतो को पत्र सौंपते हुए कक्षा एक से 8 तक के स्कूली पाठ्यक्रम में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र से संबंधित अध्याय को शामिल कराये जाने की मांग की है। अपने पत्र में कहा कि बाबा साहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता हैं, बल्कि उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक सुधारों में योगदान आज की पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

## नेतरहाट रोड में पेट्रोल पंप का उद्घाटन



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित नेतरहाट रोड में मानवी फ्यूल्स पेट्रोल पंप का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सीताराम बेक, अशोक गुप्ता और बलिराम पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व पुरोहित द्वारा मंत्रोचार के साथ पूजन कराया गया। इसके बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पंप संचालक पंकज गुप्ता और उनके परिवार जनों को बधाइयां दी। इस मौके पर पूर्णिमा गुप्ता, अगस्टिन महेश कुजूर, चैट टोप्पो, मेघा गुप्ता, मनीष गुप्ता सुदामा गुप्ता, सोनी गुप्ता, महेश्वर साहू, रामसेवक साहू, बिरेंद्र साहू, सुमित साहु, पंकज साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 194 लोगों ने करायी जांच



बिशनपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार और आयुष मंत्रालय के संयुक्त प्रयासों के तहत, राज्य के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं और जागरूकता प्रदान करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, गुरुवार को बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जोड़ों और मांसपेशियों से संबंधित बीमारियों से पीड़ित 194 मरीजों को मुफ्त जांच और दवाइयां दी गयी। शिविर में मौजूद मरीजों को संबोधित करते हुए डॉ पूनम ज्योति मिंज ने स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है। हमारे शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने लगती है। यह यूरिक एसिड जोड़ों में जमा होकर असहनीय दर्द का कारण बनता है। उन्होंने यह भी समझाया कि असंतुलित खान-पान, जिसमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन्स और मिनरल्स की कमी होती है। मांसपेशियों के दर्द का एक प्रमुख कारण है। बताया कि इसी जागरूकता को बढ़ाने और लोगों को उपचार प्रदान करने के लिए, जिले के विभिन्न प्रखंडों में ऐसे ही निशुल्क शिविर और दवाओं का वितरण किया जा रहा है। शिविर में डॉ रेनू तिर्की ने मरीजों को बताया कि जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को कम करने में योग और हल्के व्यायाम बहुत प्रभावी हो सकते हैं। उन्होंने कुछ सरल योगासनों का प्रदर्शन किया और मरीजों को उन्हें नियमित रूप से करने की सलाह दी। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर सुकृति कुमारी, योग ट्रेनर अनूप तिर्की सहित विभिन्न पंचायत से आयी सहिया उपस्थित थी।

## जनशिकायत निवारण शिविर में 16 आवेदनों का तुरंत निष्पादन



सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस शिविर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से वृद्धा पेंशन 12, विविध संबंधित 2 एवं मईया सम्मान योजना के 4। कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 16 आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया। वहीं 2 आवेदन को संबंधित विभाग को निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, कम्प्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहु, अंचल निरीक्षक चंदरू उरांव, कर्मचारी दीपक उरांव, सावित्री देवी, मुनेश्वर सिंह सहित प्रखण्ड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## बारडीह पारिश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संत इग्नाशियूस का पर्व



जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड अंतर्गत बारडीह पारिश में मंगलवार को संत इग्नाशियूस का पर्व पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भावना के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सबसे पहले चर्च परिसर में विशेष मिशा पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कैथोलिक समुदाय के लोगों ने भाग लिया। पूजा उपरांत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बारडीह विद्यालय परिसर में किया गया। इस दौरान बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक गीतों और रंगारंग नृत्यों की प्रस्तुतियां देकर सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर फादर ललित ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें संत इग्नाशियूस की शिक्षाओं और आदर्शों की याद दिलाता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वर की महिमा और मानव सेवा को समर्पित किया था। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक कार्य करना चाहिए। फादर अलेक्जेंडर तिर्की ने भी समारोह में भाग लेते हुए कैथोलिक समाज में जागरूकता और सेवा भावना को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पारिश समिति, विद्यालय के शिक्षकगण तथा स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## विश्व आदिवासी दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। झखरा कुंबा में विश्व आदिवासी दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक शिशुपाल उरांव की अध्यक्षता में की गयी। समारोह की सफलता के लिए कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किये गये एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। इस वर्ष समारोह में मुख्य आकर्षण आदिवासी परिधान (फैशन-शो) प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक शोभायात्रा प्रमुख होगी, इस निमित्त तैयारी जोर शोर से कर दी गयी है। अगली समीक्षा बैठक 3 अगस्त को की जायेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से करमचंद उरांव, नीरज उरांव, बिदेश्वर उरांव, पवित्रा टाना भगत, रामकेश्वर टाना भगत, महाबीर उरांव, संजय उरांव, महात्मा उरांव, बुद्धिमान उरांव, भगत, सुरेश भगत, सलिंनंदर उरांव, अनिल असुर, विजय उरांव, सुनील मिंज, सुशील उरांव, संतोष महतो, सुधा भगत, कमला उरांव, जनार्दन भगत सहित और कई लोग उपस्थित रहे।

# झारखंड का हर कोना खेती से जुड़ा हुआ है : शिल्पी नेहा तिर्की

**दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम में 3.30 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड का प्रत्येक कोना मिट्टी, मेहनत और किसानी से जुड़ा है। सरकार की मंशा यह है कि किसान केवल उत्पादक न रहकर, तकनीकी ज्ञान और संसाधनों से लैस एक स्वावलंबी कृषक उद्यमी बने। उक्त बातें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री सुश्री शिल्पा नेहा तिर्की ने कहीं। वे गुरुवार को गुमला के कार्तिक उरांव कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में आयोजित दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं कृषि यंत्रीकरण योजना के माध्यम से महिलाओं, किसान समूहों और व्यक्तिगत किसानों को सीधे अनुदान आधारित परिसंपत्तियां उपलब्ध करायी जा रही हैं। यह भी कहा कि उपकरणों की खरीद में किसानों को स्वतंत्रता दी जाती है। कोई भी अधिकारी किसी विशेष ब्रांड के ट्रैक्टर या उपकरण हेतु दबाव नहीं बना सकते। ट्रैक्टर या अन्य यंत्र चयन करते समय लाभुक स्वयं निर्णय लेते हैं और भुगतान बैंकिंग माध्यम से सीधे संबंधित कंपनियों को किया जाता है, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे और किसानों को किसी प्रकार का धोखा न हो।

**ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहने की दी गयी सलाह :** मंत्री ने ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसान योजनाओं से जुड़ें, जानकारी प्राप्त करें और बिचौलियों से पूरी तरह बचें। उन्होंने बताया कि सोलर पंपसेट, जो सामान्यतः 1.5 लाख के होते हैं, उन्हें किसान मात्र 18 हजार में प्राप्त कर रहे हैं। यह न तो डीजल से चलता है और न ही पेट्रोल से, और महिलाएं भी इसे आसानी से संचालित कर सकती हैं। लाभ के लिए, आपको स्वयं को भी सभी योजनाओं के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।

मंच पर आरपी सिंह, कार्यपालक निदेशक, जेएमटीसी, अशोक सम्राट, निदेशक भूमि संरक्षण निदेशालय, विधायक तोरपा सुदीप गुड़िया, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, डीडीसी दिलेश्वर महत्तो; अपर समाहर्ता तथा अन्य पदाधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण मंचासीन रहे।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक जेएएमटीसी आर.पी. सिंह ने कहा कि राज्य में कृषि तकनीक में परिवर्तन लाया जा रहा है और आधुनिक यंत्रों के माध्यम से छोटे और मध्यम किसानों को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 80 से 90 प्रतिशत अनुदान पर यंत्रों का वितरण किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से महिला किसानों की भागीदारी बढ़ी है।

विधायक सुदीप गुड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि खेती अब विज्ञान आधारित हो गयी है और राज्य सरकार द्वारा दी जा रही अनुदान सहायता किसानों के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है।

कार्यक्रम के दौरान गुमला जिले की 30 महिला कृषक समूहों को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना 2024-25 के अंतर्गत 30 ट्रैक्टर और सहायक कृषि यंत्र वितरित किये गये। जिससे लगभग 450 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# चैंबर अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र गुमला को रेलवे से जोड़ने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंदस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर गुमला को रेलवे से जोड़ने की मांग की है। बताते चलें कि एफजेसीसीआइ की उच्च स्तरीय बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने पुरजोर तरीके से यह मुद्दा उठाया था। इसी मांग के अलोक में यह पत्र एफजेसीसीआइ अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा। पत्र में उन्होंने लोहरदगा से गुमला होते हुए बानो तक नयी लाइन के निर्माण का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व में झारखंड के लोहरदगा क्षेत्र से कोरबा तक रेलवे लाइन निर्माण का सर्वेक्षण किया गया था। आशंका जाहिर की गयी है कि यह परियोजना लगभग 350 किमी लंबी होने के कारण व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो पा रही है। उन्होंने मंतव्य दिया है कि यदि लोहरदगा से गुमला होते हुए बानो तक लगभग 70-75 किमी नयी रेलवे लाइन का निर्माण किया जाये, तो यह परियोजना कम लागत में संभव होगी तथा गुमला जिला रेलवे नेटवर्क से जुड़ जायेगा। इससे इस क्षेत्र की बड़ी ग्रामीण आबादी, किसानों, व्यापारियों तथा विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि झारखंड सरकार द्वारा रेल मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर इस परियोजना को प्राथमिकता पर आगे बढ़ाने की पहल की जाये, ताकि गुमला और आसपास के जिलों को शीघ्र ही रेल सुविधा का लाभ मिल सके।

# नौकरी दिलाने के नाम पर सिसई के युवकों से 50 हजार ठगे, झानद नेता ने की कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला । ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह से सिसई प्रखंड के बेरोजगार युवक आदित्य मिंज और गुमला शहरी क्षेत्र के आदित्य गोप ने नौकरी दिलाने के नाम पर हुई ठगी के बाबत गुमला उपायुक्त और गुमला एसपी को दी गयी आवेदन की छाया प्रति देकर न्याय दिलाने का आग्रह किया है। ठगे गये युवकों ने बताया कि अच्छी नौकरी दिलाने के लिए आदित्य जेपी मिंज से सिसई निवासी मुकेश भगत ने 31000 वहीं आदित्य गोप से 19500 मंगलेश्वर द्वारा ले लिया गया है। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ प्रदेश स्थित बिलासपुर ले जाया गया और वहां साबुन, सर्फ, शैंपू, इत्यादि बेचने वाली नेटवर्किंग गैलवे कंपनी में आदमी खोजने का काम में लगा दिया गया दोनों युवक ने यह भी बताया कि हम लोग किसी तरह वहां से भाग कर आए हैं और वहां गुमला तथा झारखंड के अलग-अलग जगह से करीब ठगी का शिकार होकर 300 से भी ज्यादा युवक युवतियां फंसे हुए हैं जिस पर कार्रवाई के लिए श्री सिंह से मदद बेरोजगार युवकों ने मांगी है। इस पर श्री सिंह ने कहा है कि इस मामले को लेकर गुमला उपायुक्त तथा गुमला एसपी के अलावे राज्य सरकार से भी बातचीत की जाएगी और ठगी गिरोह पर कानूनी कार्रवाई हो तथा बेरोजगारों से लिए गए पैसे वापस दिलाए जाएं इसके लिए जितना हो सके मदद किया जाएगा। इस मौके पर आदित्य मिंज, आदित्य गोप, तथा झारखंड नवनिर्माण दल के बसंत बड़ाईक भी उपस्थित थे।

# सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाने से व्यापारियों को घाटा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शहर के जशपुर रोड स्थित टंगरा मार्केट में सब्जी दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को अन्य सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाने से घाटा हो रहा है साथ ही उनके व्यापार पर भी प्रभाव पड़ रहा है। गुरुवार की शाम 7 बजे सब्जी बेच रही महिलाओं ने बताया उपायुक्त और नगर परिषद के पदाधिकारी द्वारा टंगरा मार्केट में एक ही स्थान पर सभी सब्जी दुकान को लगाने का निर्देश दिया गया था। जशपुर रोड में सब्जी लगाने वाले विक्रेताओं को हटाकर उस स्थान पर जेसीबी से गड्ढे खोदे गये। शुरूआत में सभी सब्जी विक्रेता टंगरा मार्केट में ही सब्जी बेचने लगे। लेकिन धीरे-धीरे कुछ सब्जी विक्रेता टंगरा मार्केट के सामने और जशपुर रोड में सड़क के किनारे सब्जी लगाने लगे। जिससे टंगरा मार्केट के अंदर सब्जी लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को घाटा हो रहा है। बरसात के कारण ग्राहक सड़क किनारे से ही सब्जी लेकर चले जाते हैं। बहुत कम ही लोग मार्केट के अंदर घुसकर सब्जी खरीद रहे हैं बरसात के दिनों में टंगरा मार्केट के अंदर सब्जी बेच रहे विक्रेताओं को परेशानी हो रही है। उनकी सब्जी की कम बिक्री हो रही है। जिसको लेकर सब्जी विक्रेताओं का एक तबका में गहरा असंतोष देखा जा रहा है। उन्होंने नगर परिषद से निवेदन किया है कि सड़क किनारे जितने भी सब्जी विक्रेता है उन सभी को एक ही स्थान पर टंगरा मार्केट के अंदर सब्जी लगाने का निर्देश दिया जाये। ताकि सभी की सब्जियां बराबर बिक्री हो।

## आपसी विवाद में युवक ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**बसिया (आजाद सिपाही)। आपसी विवाद में तेज धाराधार कुल्हाड़ी से पति ने पत्नी की गर्दन पर किया वार पत्नी की स्थिति गंभीर। मामला कोलिबीरा थाना क्षेत्र के अघरमा में टीमकी टोली की है पति रंजन का अपनी पत्नी संजू से किसी बात पर विवाद हो गया और नोक झोक होने लगी, तभी घर में रखी कुल्हाड़ी से रंजन ने अपनी पत्नी के गले पर वार कर दिया। जिसे बुरी तरह जख्मी हालत मे रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर रेफरल अस्पताल भेज दिया।**

## घाघरा में दवा और किराना दुकान में चोरी

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में चोरी की घटना घटने का नाम नहीं ले रहा है। लगभग हर दिन चोरी की घटना प्रखंड मुख्यालय में घट रही है। कहीं तो दिनदहाड़े चोर आभूषण के साथ-साथ कैश की चोरी कर ले रहे हैं तो कहीं दुकान तोड़कर अंदर घुस जा रहे है। घटना बीते बुधवार रात्रि की है नेतरहाट रोड स्थित एक निजी क्लीनिक का अल्बेस्टर हटा कर चोर अंदर घुसे और काउंटर में रखें लगभग 600 रुपए चोरी कर लिया। संचालक डॉक्टर गौतम ने बताया कि काउंटर में ज्यादा पैसा नहीं था सिर्फ चेंज पैसा छोड़ा हुआ था जिसे चोरी कर लिया गया है। वही बगल के श्रृंगार और किराना दुकान में भी चोरी की घटना घटी है। दुकान संचालक निखिल कुमार जायसवाल ने बताया कि काउंटर में लगभग 4 हजार कैश रखा हुआ था उसे चोरी कर लिया साथ ही दो परफ्यूम, कोल्ड ड्रिंक व सीक्रेट की भी चोरी कर ली है। यहां बता दे की प्रखंड मुख्यालय में जिस तरह से चोरी की घटना घट रही है स्थानीय लोग काफी डरे सहमे हुए है। कोई भी व्यक्ति घर छोड़कर बाहर जाने से डर रहा है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा मामला थाना में आया है छानबीन शुरू कर दिया गया।

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची**

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –9/2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय : 11.8.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.8.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12.8.2025 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Seepage repair and Renovation , improvement of water suplly and sewarage with changing of all fittings at quarter no. D-1 behind Indra palace of High court of Jharkhand Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 630467.00 | 12700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2 | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. C-13 Behind Indra palace, A-4 Doranda bazar,A-9 Near Nepal house,A10 Near Nepal House,B-34 Near Seth sitaram school and B-6 Near Rajendra chowk and Other High court quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 630498.00 | 12700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3 | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. ,B-31 B-36,A-12,A-17 near seth sitaram Doranda and Other High court quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 501106.00 | 10100.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4 | Changing of garden pipes, improvement of water supply system, and replacement of sanitary fittings at Judge Quarter No.-01, 02 and New Judge Bungalow No.-5 Near A.G. More at Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1466081.00 | 29400.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 5 | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at Officer's Flat 21/28, Nepal House and B-32 Block No. 06 Near Seth Sitaram School others High court pool quarters under DW&S Division , Ranchi East Ranchi. | 709047.00 | 14200.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 6 | Seepage repair and Renovation , improvement of water suplly and sewarage with changing of all fittings at MLA residence Room no 21,22,25,26,27and28 at Old Vidhansabha campus dhurwa Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1404091.00 | 28100.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 7 | Seepage repair and Renovation , improvement of water suplly and sewarage with changing of all fittings at MLA residence Room no 108,109,110,48 and 123 at Old Vidhans abha campus dhurwa Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1233932.00 | 24700.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 8 | Repairing and overhauling of 2000 LPH Iron and Turbidity Removal filtration plant, Softener Filter Plant with multiple valve, & necessary water supply pipe line and its allied work at Residence of Secretary Doranda, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 919984.00 | 18400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 9 | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage with changing of all fittings at MLA residence Quarter no 9/19 AG Colony Doranda Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 819839.00 | 16400.00 | 1250.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
कार्यपालक अभियंता
PR 358693 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची

**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।**
**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –12/2025–26**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय : 11.8.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.8.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12.8.2025 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Connection of water supply for the newly constructed watch tower near advocate block-1and 2, Judges parking both sides by laying of pvc pipe and replacing of submersible pump at different location in the campus of new high court Dhurwa under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1622874.00 | 32500.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2 | Connection of water supply for Residence of quarters of 30 set pool, near Rajendra Chowk, Replacement of water pipe line & overhead tank , repairing of drain at quarter nos. B-19, B-20, B-21 & B-22, 30 Set pool, Near Rajendra chowk , Cleaning of overhead tank A-43, 44 & 48 , 48Set near set sitaram school, Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1863944.00 | 37300.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3 | Provision of water supply by construction of 2Nos. HYDT with Installation2Nos of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor and necessary water supply pipe line, & Its allied works pipe line, valve chamber etc for Gardening at Honble Minister bungalow No-1 & others Bunglow smart city Dhurwa, Ranchi D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1350772.00 | 27100.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 4 | Seepage repair and Renovation of 6 Nos Toilet, 6Nos. of bathrooms, 4nos. of Urinal and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Saranda barrack (South side Second floor )in the campus of Cobra 209, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1964286.00 | 39300.00 | 5000.00 | 1 Month |
| 5 | Seepage repair and Renovation of 6 Nos Toilet, 6Nos. of bathrooms, 4nos. of Urinal and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Saranda barrack (South side Third floor )in the campus of Cobra 209, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 2041934.00 | 40900.00 | 5000.00 | 1 Month |
| 6 | Construction of 5Nos. Of toilets for ladies officers with water supply connection in the campus of crime investigation department Ranchi, Jharkahand. Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1057246.00 | 21200.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 7 | Seepage repair and Renovation , improvement of water suplly and sewarage with changing of all fittings at Genral Ladies and Gents toilet situated near the pump house inside the campus of Jharkhand New Vidhansabha Kute dhurwa Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 637775.00 | 12800.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 8 | Seepage repair and Renovation of toilet and bathroom , improvement of water suplly and sewarage with changing of all fittings at 3 nos of toilet and 3nos of bathroom at Ladi es barreck and 4nos of toilet near gate of Jharkhand New Vidhansabha Kute dhurwa Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1935380.00 | 38800.00 | 5000.00 | 1 months |
| 9 | Supplying Fitting and Fixing of Reverse Osmosis based Water Treatment System 100LPH with water Cooler & necessary water supply pipe line Sanitary Fittings and its allied work at Jharkhand Space Application Center Dhurwa Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 607884.00 | 12200.00 | 1250.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।
PR 358698 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# झारखंड सरकार की लापरवाही से थमी जल जीवन मिशन की रफ्तार: चंद्र प्रकाश

## कहा- गिरिडीह जिले के हजारों गांव आज भी प्यासे हैं

**कहा- जल जीवन मिशन सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की गरिमा से जुड़ा संकल्प है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गुरुवार को लोकसभा मे पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में प्राप्त उत्तर में झारखंड सरकार की नल से जल योजना में पूरे देश भर में सबसे पीछे होने पर चिंता जाहिर की। साथ ही झारखंड सरकार पर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवंटित हजारों करोड़ की राशि का लगभग आधा हिस्सा आज भी खर्च नहीं हुआ, जिससे झारखंड के करोड़ों ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2019-25 के दौरान झारखंड को 12,982 करोड़ रुपये का आवंटन किया। झारखंड सरकार ने अब तक केवल 6,010 करोड़ रुपये (46.30 प्रतिशत) राशि का ही आहरण किया। यानि लगभग सात हजार करोड़ की राशि आज भी अव्यवहत है। वर्ष 2019 में केवल 3.45 लाख (5.52 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों को नल जल की सुविधा थी। वर्ष 2025 तक यह संख्या 34.42 लाख (55.0 प्रतिशत) तक ही पहुंच पाई है। यानि 45 प्रतिशत ग्रामीण अब भी वंचित हैं। पूरे देश में झारखंड नल से जल पहुंचाने में सबसे पीछे है। कहा कि गिरिडीह, गुमला और लातेहार जैसे वामपंथ प्रभावित जिलों में भी सिर्फ 70 प्रतिशत परिवारों को ही कनेक्शन मिल पाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता और भारी बजट आवंटन के बावजूद झारखंड सरकार की लापरवाही से गिरिडीह और राज्य के अन्य जिलों में मिशन की प्रगति बेहद धीमी है। जिन इलाकों में आदिवासी और अनुसूचित जाति बहुल आबादी है, वहां आज भी लोग गंदे तालाबों और हैंडपंपों पर निर्भर हैं। यह न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि सामाजिक अन्याय भी है। जल जीवन मिशन सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की गरिमा से जुड़ा संकल्प है। उन्होंने झारखंड सरकार से लंबित फंड का तुरंत उपयोग करने और सभी गांवों में नल जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और गांव स्तर पर जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और पंचायतों को निगरानी में शामिल करने की मांग की। कहा कि यदि झारखंड सरकार सक्रिय नहीं होती तो यह विषय संसद के माध्यम से देश के सामने बार-बार उठाया जाएगा और स्थिति अगर नहीं सुधरती है तो केंद्र से सीधे हस्तछेप करने की मांग करूंगा। झारखंड सरकार की विफलता का दंश जनता क्यूं झेले और पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसे।



सांसद सीपी चौधरी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज धनबाद में, आइआइटी के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल, सुरक्षा चाक चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को धनबाद में रहेंगीं। वह आइआइटी धनबाद के दिक्षांत समारोह में शामिल होंगीं। उनके आगमन को लेकर धनबाद में सुरक्षा व्यवस्था चौक चौबंद कर दी गयी है। शुक्रवार को शहर में बसों और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। वहीं, कई मार्गों पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा, जबकि कुछ रास्तों पर पार्किंग भी निषेध रहेगी। पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। ट्रैफिक डीएसपी कार्यालय की ओर से जारी सूचना में कई मुख्य मार्गों पर वाहनों के परिचालन और ठहराव पर रोक लगाने की घोषणा की गई है। इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिया गया है। शहर में बसों का प्रवेश बंद : बरटांड बस स्टैंड और धनबाद रेलवे स्टेशन से चलने वाली सभी यात्री बसों का परिचालन एक अगस्त को बिनोद बिहारी चौक तक सीमित रहेगा। शहर के भीतरी हिस्सों में बसें नहीं चलेंगी। भारी वाहनों पर पूरी तरह रोक : गोल बिल्डिंग, मेमको मोड़, बिनोद बिहारी चौक और मटकुरिया चेकपोस्ट से होकर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सड़क किनारे ठहराव वर्जित : किसान चौक से मैथन सीमावर्ती क्षेत्र तक किसी भी प्रकार के वाहनों का ठहराव सड़क किनारे नहीं होगा। किसान चौक से आईएसएम मुख्य द्वार तक जाने वाले मार्गों पर किसी भी वाहन का सड़क पर ठहरना पूरी तरह वर्जित रहेगा। इसमें किसान चौक, निरंकारी चौक, प्रभातम माल, सिटी सेंटर, एसएसएसएलटी कॉलेज, रणधीर वर्मा चौक, पुलिस केंद्र और आइएसएम गेट शामिल है। दूसरी ओर, किसान चौक से मेमको मोड़, सिटी सेंटर, लूबी स्कूल रोड, रणधीर वर्मा चौक, पुलिस केंद्र, आइएसएम गेट से सरायढेला थाना मोड़ तक कारकेट के गमनागमन के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूरी तरह रोक दिया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात पुलिस के निर्दशों का पालन करें।

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the: General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email – gmtz2dumka@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Due to unavoidable circumstances NIT No. 186/PR/JUSNL/2025-26 is hereby cancelled.

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-II, Dumka

PR No. 353920

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.358672 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

# एक साल बाद हुआ मजदूरों का बकाया 3.28 लाख का भुगतान



**ललपनिया/बेरमो (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ के गोला से रांची के ओरमांझी तक एक्सप्रेसवे सड़क के निर्माण में नियोजित गोमिया के साडम, गौडरा, पेटरवार के पतकी एवं इसके आसपास के 18 मजदूरों का तीन लाख 2800 रुपया मजदूरी का एक साल बाद चेक के माध्यम से गुरुवार को भूगतान हुआ। बतातें चलें कि मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी का मजदूरों द्वारा विरोध करने पर कंपनी ने अर्जित मजदूरी के बिना भुगतान किये ही 30 अगस्त 2024 को मजदूरों को काम से हटा दिया था। तालिब अंसारी, विजय मांझी, संतोष मरांडी आदि मजदूरों ने बताया कि मजदूरी भूगतान के लिए लगातार प्रयास किये। इस क्रम में वे विधायक के पास भी शिकायत लेकर पहुंचे, लेकिन बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ। अंत में ठेकेदार मजदूर यूनियन के महासचिव एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तिखार महमूद से शिकायत की। उन्होंने मजदूरों की शिकायत पर औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की। उनके हस्ताक्षेप पर केंद्रीय श्रम मंत्रालय के हजारीबाग स्थित सहायक श्रमायुक्त शुभंक संजीव ने विवाद पर कई तिथियों में सुनवाई की। विगत 29 जुलाई 25 को हजारीबाग स्थित श्रम मंत्रालय के कार्यालय में त्रिपक्षीय समझौता हुआ। जिसके बाद गुरुवार को सभी 18 मजदूरों का चेक के माध्यम से मजदूरी का भुगतान कर दिया गया। मजदूरी पाने वाले मोहम्मद आरिफ अंसारी, सुनील टुडू, कुलदीप प्रजापति, संतोष मरांडी, तालिब अंसारी, अख्तर अंसारी, विजय मांझी, फारूक अंसारी, चंदन कुमार आदि शामिल हैं।

# कम मरीज देखने पर सदर अस्पताल के आठ डॉक्टरों को किया शोकॉज

**48 घंटे के भीतर शोकॉज का जवाब देने का मिला निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कम मरीज देखने के मामले में सदर अस्पताल के आठ डॉक्टरों डॉ मुकेश कुमार डीएमएफटी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ पीपी पांडेय मेडिकल ऑफिसर डीएमएफटी, डॉ स्नेह केसरी दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ मासूम आलम मेडिकल ऑफिसर डीएमएफटी, डॉ रूमा प्रसाद स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ हरेंद्र हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ अंजना स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को शोकॉज किया गया है। उसने 48 घंटे के भीतर जवाब भी मांगा गया है। सिविल सर्जन ने जारी पत्र में कहा कि छह महीने के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। बीते छह महीने में कई डॉक्टरों ने प्रतिदिन कम मरीज देखे हैं, जबकि मानक 75 मरीज प्रतिदिन का है। उक्त प्रदर्शन में सुधार के लिए योजना के प्रस्ताव के साथ या प्रदर्शन में सुधार होने तक अगले आदेश तक उनका वेतन तक रोकने की बात कही गयी है। हालांकि शोकॉज से डॉक्टरों में नाराजगी है। उनका कहना है कि हमलोग मरीज कहां से लाएंगे। अस्पताल में जो मरीज आते हैं। उनका इलाज करते हैं। क्या हमलोग डे केयर एडमिशन एवं इंडोर एडमिशन कराने पर अपना फोकस करें। पूरी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं। मरीज नहीं आएग तो कहां से देखेंगें। वहीं, कई डॉक्टरों का कहना है कि दबाव नहीं बनाया जाए। मरीज लाना उनका काम नहीं है। वे ड्यूटी पर समय पर आते हैं और जो भी मरीज होते हैं उनका इलाज करते हैं। कई डॉक्टरों ने स्पष्टीकरण का जवाब दिया है।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(नजारत शाखा)
इच्छा की अभिव्यक्ति
–: शुद्धि पत्र :–

हजारीबाग जिला में राज्यस्तरीय एवं केन्द्र स्तरीय वृहत पैमाने पर आयोजित होनेवाले विभिन्न कार्यक्रम/समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन एवं जिलास्तर पर सम्पन्न होनेवाले विभिन्न त्यौहारों यथा रामनवमी, मुहर्रम, ईद, बकरीद, होली, दुर्गापूजा आदि में विधि–व्यवस्था संधारण के मद्देनजर कार्यक्रम में किए जानेवाले सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएँ यथा कम्पलीट जर्मन हैंगर/टेन्ट/अस्थायी प्रकाश/साउण्ड सिस्टम आदि की आवश्यक व्यवस्था भाड़े पर करने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों/एजेन्सियों से दर निर्धारण एवं एजेन्सी चयन हेतु दिनांक 22.07.2025 से 02.08.2025 के संध्या 03:00 बजे तक EOI आमंत्रित की गई थी। **(PR No.-PR357848 District (25-26))** उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति को संशोधित करते हुए EOI आमंत्रण की अवधि दिनांक 08.08.2025 के अपराहन् 03:00 बजे तक विस्तारित किया जाता है, जिसका निस्तारण दिनांक 11.08.2025 को अपराहन् 03:00 बजे किया जाएगा।

EOI की सामग्री/उपस्करों की सूची नियम एवं शर्तें (शुद्धि पत्र) हजारीबाग जिला के सरकारी अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in में अपलोड किया गया है, जिसपर देखा जा सकता है।

उपायुक्त के आदेश से
प्रभारी पदाधिकारी,
नजारत शाखा, हजारीबाग।

PR 358630 District(25-26)D

झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

77वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–कोडरमा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–49/25<br>2. आवेदक–नरेष कुमार<br>3. पिता–बिषुन साव<br>4. ग्राम–कोडरमा गिरिडीह रोड पोस्ट–कोडरमा<br>5. थाना–कोडरमा प्रखण्ड–कोडरमा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–दाहिने आंख के उपर भौं पर मासा। | कोडरमा अप्राथ0 16/93 काडरमा अनु0 दण्डा वाद सं0 123/93 | नहीं | कारण :– दिनांक–15.03.1993 को झामुमो द्वारा अलग राज्य को लेकर झारखण्ड बंदी व नाकेबंदी को लेकर विधि–व्यवस्था भंग का आरोप। जेल की अवधि–14 दिन | 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 358618 Home(25-26)D

# बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गयी विदाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट से जुलाई '2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी एवं मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण उपस्थित रहे। सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया। वहीं, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए. जुलाई '2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल नौ अधिशासी एवं 29 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अमरेंद्र झा एवं मुख्य महाप्रबंधक (पावर फेसिलिटीज) अनिन्दा दास के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) अनीष सेनगुप्ता, बीजीएच प्रभारी डॉ बीबी करुणामय आदि उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी ने अमरेंद्र झा एवं अनिन्दा दास को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# डीसी-एसपी ने लिया पुलिस लाइन मैदान का जायजा

**- स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर किया मंथन, विभिन्न बिंदुओं पर की चर्चा**



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर डीसी अजय नाथ झा एवं पुलिस एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार को सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य समारोह स्थल पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। डीसी एवं एसपी ने आयोजन स्थल पर पंडाल निर्माण, मंच व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बैठने की सुविधा, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, रंगाई-पुताई, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग, शौचालय आदि व्यवस्थाओं के संदर्भ में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया। कहा कि जो भी मरम्मत एवं निर्माण कार्य किए जाने हैं, उसे पूरा करें। वहीं, एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश-नियंत्रण, ट्रैफिक प्लान, पुलिस बल की तैनाती, इमरजेंसी रिस्पांस की तैयारी सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस पदाधिकारियों झ्र मेजर को निर्देश दिया। निरीक्षण क्रम में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा पियूष, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश सिंह आदि उपस्थित थे।

# बेटी को बोझ नहीं, सौभाग्य समझें : डीसी

## कहा- बेटियों को सशक्त करने के लिए मानसिकता में बदलाव जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा के मार्ग दर्शन में समाज कल्याण विभाग की ओर से गुरुवार को 'बधाई हो बेटी हुई है'.. कार्यक्रम की शुरूआत सदर अस्पताल स्थित मातृ शिशु वार्ड में समारोहपूर्वक की गई। इस अवसर पर डीसी, उनकी पत्नी डॉ प्रतिमा झा, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एन पी सिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान डीसी एवं अन्य ने नवजात बेटियों के अभिभावकों को क्रमवार उनके घर बेटी होने की बधाई दी। बेटी के जन्म की इस खुशी को साझा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अभिभावकों को मिठाई खिलाई गई और उनका मुंह मीठा कराया गया। इसके साथ ही प्रसव के बाद आवश्यक मेडिकल कीट और बच्चों से संबंधित किट प्रदान किया गया। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि बेटी के जन्म को बोझ नहीं, सौभाग्य समझें। अब समय आ गया है कि हम अपने मानसिकता में बदलाव लाएं और बेटियों के जन्म को खुशी और उल्लास से मनाएं। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जैसे कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का ही एक माध्यम है। इस अवसर पर डीसी की पत्नी ने कहा कि अब वक्त है अपनी मानसिकता को बदलने का। बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं होना चाहिए। दोनों को समान शिक्षा, संरक्षण और स्नेह मिलना चाहिए। वहीं, डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने कहा कि समाज तभी प्रगति कर सकता है जब बेटा और बेटी दोनों को बराबरी का मौका मिले।



'बधाई हो बेटी हुई है'.. कार्यक्रम में शामिल डीसी, उनकी पत्नी एवं अन्य गणमान्य।

# सर्वोत्कृष्ट पीएमश्री स्कूल के रूप में हुआ टुंडी विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय का चयन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 के लिए झारखंड राज्य से कुल 24 सर्वोत्कृष्ट पीएमश्री विद्यालयों का चयन किया गया है। इस सूची में टुंडी के पीएम श्री विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय का भी नाम शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में इसकी घोषणा की गयी। इसका सीधा प्रसारण देशभर के सभी चयनित पीएम श्री विद्यालयों में किया गया। टुंडी में इसकी शुरूआत टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की।

Government of Jharkhand
Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative
(Animal Husbandry Division)
Jharkhand Ranchi

***"Corrigendum"***

*e-Tender No. 01/2025-26 Published by PR No. 357505 Animal Husbandry (2025-26)_D*

This is with reference to Tender notice published for ***Selection of Insurance Intermediaries to provide Technical and Operational Support and Overseeing effective implementation of Jharkhand Livestock and Poultry Insurance Scheme through Nationalized Insurance Company under Mukhya Mantry Pashudhan Vikas Yojna (MMPVY).*** In the Pre-Bid Meeting, comments and suggestions received from the participated Intermediary Insurance Agency/Broker, the following improvements/amendments were considered in the published N.I.T. (Tender Document) :-

1. **Table Part A & B Sl. No- 02 (Work Experience in Insurance field Livestock & Poultry):-**
   - **Previous Requirement:** Working in Livestock & Poultry field for minimum 03 (Three) years (Under the Govt. Sponsored Scheme).
   - **Clarified Requirement:** Working in Livestock or Poultry field for minimum 03 (Three) years.
2. **Eligibility Criteria Sl. No.- 01 (Proof of Experience in Livestock and Poultry Field):-**
   - **Previous Requirement:** Insurance Intermediary should have been working in Livestock and Poultry field for a period of minimum 03 (Three) years (Copy of License to be provided).
   - **Clarified Requirement:** Insurance Intermediary should have been working in Livestock or Poultry field for a period of minimum 03 (Three) years (Proof for Experience to be provided).
3. **(A) Technical Evaluation Criteria Sl. No.- 03 (Number of Livestock/Poultry Insured):-**
   - **Previous Requirement:** Number of Livestock/Poultry insured over the years (Average of three years).
   - **Clarified Requirement:** Total number of Livestock or Poultry insured in three years.
4. **(A) Technical Evaluation Criteria Sl. No.- 04 (Number of Livestock/Poultry Claims Settled):-**
   - **Previous Requirement:** Number of Livestock/Poultry claims settled over the years.
   - **Clarified Requirement:** Total number of Livestock or Poultry claims settled in three years.
5. **(A) Technical Evaluation Criteria Sl. No.- 05 (Weightage of Marks for Office in Jharkhand):-**
   - **Previous Requirement:** Weightage of marks for having offices in Jharkhand is 1 marks per office for upto four offices (in different districts). For five to fourteen offices its 10 marks and for fifteen or more offices in Jharkhand its 15 marks.
   - **Modified Requirement:** Weightage of marks regarding office in Jharkhand is modified as 10 marks for one office and 15 marks for more than one office in Jharkhand.


Other than above points, in heading of Part-A and Background of Part-B of document it has been mentioned that insurance scheme through nationalized Insurance Company under MMPVY, but in the NIT document, Nationalized insurance word has not been mentioned.

So, regarding this it is to clarify that Insurance Scheme will be only through registered Insurance Company

But for the above changes all other terms and condition cited on tender notice remains same.

**Director,**
Animal Husbandry

PR 358645 Animal Husbandry (25-26)_D










# मालेगांव ब्लास्ट : साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपी बरी

## कोर्ट बोला : बाइक प्रज्ञा की और कर्नल आरडीएक्स लाये, ये दोनों बातें साबित नहीं हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भोपाल।** महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआइए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में 7 मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने कहा कि हम एनआइए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट में अपील करेंगे। इस मामले में जांच एजेंसियां और सरकार फेल हुई है।



रमेश उपाध्याय मेजर (सेवानिवृत्त) | साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर | समीर कुलकर्णी | प्रसाद श्रीकांत पुरोहित | अजय रहिरकर | सुधाकर द्विवेदी | सुधाकर चतुर्वेदी

बता दें कि मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गये थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे।

करीब 17 साल बाद आये फैसले में जज एके लाहोटी ने कहा कि जांच एजेंसी आरोप साबित नहीं कर पायी है, ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए।

जज लाहोटी ने कहा कि धमाका हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं हुआ कि बम मोटरसाइकिल में रखा था। यह भी साबित नहीं हुआ कि मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा के नाम थी। यह भी साबित नहीं हो सका कि कर्नल प्रसाद पुरोहित ने बम बनाया।

इस केस का फैसला बीते 8 मई 2025 को वाला था, लेकिन फिर कोर्ट ने इसे 31 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। इसके बाद 2011 में केस एनआइए को सौंप दिया गया था। एनआइए ने 2016 में चार्जशीट दाखिल की थी। केस में 3 जांच एजेंसियां और 4 जज बदल चुके हैं।

# ट्रंप ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया

## कहा-भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। बताते चलें कि एक दिन पहले ट्रंप ने भारत पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है। ये दोनों अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाएं साथ लेकर डूबें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

### ट्रंप ने सही कहा कि इंडियन इकोनॉमी मर चुकी: राहुल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा कि मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। पीएम मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है। वह गुरुवार को लोकसभा परिसर में मीडिया से बात कर रहे थे।

### भारत में बने आइफोन पर अमेरिका में 25% टैरिफ नहीं

ट्रंप की नयी टैरिफ नीति का असर भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले आइफोन पर नहीं होगा। स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स को छूट दी गयी है। उधर ट्रंप ने बुधवार देर रात ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। इसके अलावा चीन की 7, यूएइ की 6, हॉन्गकॉन्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं।

# मोदी कैबिनेट : किसान संपदा का बजट ₹6,520 करोड़ किया गया

● इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन 5,451 करोड़ में बनेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नया दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट बैठक हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मोदी कैबिनेट की बैठक में 6 अहम फैसले लिये गये हैं। इनमें 2 किसानों और फूड सेक्टर से जुड़े हैं। वहीं चार फैसले नॉर्थ-ईस्टर्न सेक्टर में रेलवे नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए हैं। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना का बजट बढ़ा कर 6520 करोड़ कर दिया गया है। इससे किसानों को फूड प्रोसेसिंग में फायदा मिलेगा। वहीं, नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लिए 2,000 करोड़ दिये गये हैं। इससे सहकारी समितियों को मजबूत किया जायेगा। इसके अलावा, 4 रेलवे लाइनों के लिए 11,168 करोड़ की मंजूरी दी गयी है। इसमें इटारसी से नागपुर चौथी रेल लाइन के लिए 5,451 करोड़ दिये गये हैं। वहीं, अलुआबाड़ी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे लाइन के लिए 1,786 करोड़, छत्रपति संभाजीनगर-परभानी रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए 2,179 करोड़ और डंगोआपोसी-करौली रेलवे लाइन के लिए 1,752 करोड़ खर्च किये जायेंगे।

# रूस में लगातार दूसरे दिन 6.5 तीव्रता का भूकंप आया

**व्लादिवोस्तोक।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूंकप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर गुरुवार सुबह आये इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10:57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**